

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 240

ग्वालियर, शनिवार, 23 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस की सांसद सुष्मिता देव की कार पर हमला

**अगरतला।** त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस की सांसद सुष्मिता देव की कार पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला किया है। जिससे टीएमसी का चुनावी कैंपेन देख रहे प्राइवेट फर्म के कुछ कर्मचारियों को चोटें आई हैं। त्रिपुरा में टीएमसी का कामकाज देख रही सुष्मिता देव ने हमले के पीछे बीजेपी को जिम्मेदार बताया है। जिस वक्त हमला हुआ, सुष्मिता इंडियन पॉलिटिकल ऐक्शन कमिटी (आईपैक) के कर्मचारियों के साथ थीं। हमले में सुष्मिता देव बाल-बाल बच गईं। टीएमसी त्रिपुरा ने पूरी घटना का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्विटर पर शेयर किया है। वीडियो में एक नीली एसयूवी दिख रही है जिसमें टीएमसी का सिंबल और छत पर लाउडस्पीकर लगे हैं। टीएमसी ने ट्वीट किया, त्रिपुरा के लोग इस बर्बर हमले का मुंहतोड़ जवाब देने वाले है। पुलिस को मूकदर्शक बने रहना छोड़ना चाहिए। कानून-व्यवस्था का यह पतन अस्वीकार्य है। हम न्याय की मांग करते हैं।

### ईंधन की मांग बढ़ने के बाद रिफाइनरी 100 फीसदी क्षमता के साथ चलेंगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) को उम्मीद है, कि ईंधन की मांग में तेजी लौटने से एक तिमाही के भीतर रिफाइनरी 100 फीसदी क्षमता के साथ चलेंगी।आईओसी के चेयरमैन एम एम वैद्य ने कहा कि पेट्रोल और रसोई गैस (एलपीजी) की मांग पहले ही कोविड से पहले के स्तर से अधिक है और डीजल की खपत सामान्य स्थिति में वापस आ रही है। आईओसी की रिफाइनरियां सितंबर में 82 फीसदी क्षमता से संचालित हुईं और महीने 90 फीसदी से ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद, भारत में आर्थिक गतिविधियों के पुनरुद्धार के साथ ऊर्जा की मांग फिर से बढ़ रही है। पिछले साल मार्च के अंत में देशव्यापी लॉकडाउन के चलते भारत की ऊर्जा मांग घटकर आधी हो गई थी, लेकिन प्रतिबंधों में ढील के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। वैद्य ने कहा कि भारत में ऊर्जा की मजबूत मांग है और ये भविष्य में बढ़ने वाली है।

### अमित शाह की यात्रा के पहले छानपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गृहमंत्री अमित शाह की शनिवार को होने वाले तीन दिवसीय दौरे से पहले श्रीनगर के छानपोरा इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। फिलहाल, पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है। अब तक किसी के मारे जाने या पकड़े जाने की खबर नहीं है। उधर, पुंछ में सेना का ऑपरेशन लगातार जारी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को तीन दिन के दौरे पर श्रीनगर पहुंचने वाले हैं। उनके दौरे के मद्देनजर सख्ती बढ़ा दी गई है। गुरुवार शाम सुरक्षाबलों ने छानपोरा इलाके में एक वाहन को रोकने की कोशिश की थी, इसके बाद से मुठभेड़ जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में शामिल आतंकी अंधेरे का सहारा लेकर बचकर भाग सकते थे। एक अधिकारी ने गोपनियता की शर्त पर बताया बल लगातार इलाके में बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य घटना में सीमा सुरक्षा बल की पार्टी को गुरुवार सुबह बारामूला जिले के राफियाबाद इलाके में चकलू-त्रागपुरा राजमार्ग पर आईईडी मिला था। इसके बाद यातायात को रोका गया और सेना के कैंप से बम निरोधक दल पहुंचा और आईईडी को खत्म किया। सेना ने बताया कि इसके बाद यातायात को दोबारा शुरू कर दिया गया। हाल ही में पुलिस ने शहर में चेकिंग पॉइंट्स की संख्या बढ़ा दी है।

### 100 करोड़ टीकाकरण के कठिन लक्ष्य को पीएम मोदी के समर्पण और प्रयासों से संभव हुआ : जयराम ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने देश की जनता को कोविड-19 के 100 करोड़ टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ें लोगों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को बधाई देकर कहा कि उनके समर्पण और अथक प्रयासों के कारण ही यह कठिन कार्य संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता और सक्षम नेतृत्व को जाता है, जो देश के लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल ने पात्र लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक देने का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है।वहीं इस वर्ष नवबंर के अंत तक सभी पात्र आबादी के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पात्र आबादी को 88.15 लाख से अधिक खुराकें दी जा चुकी है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सतना जिले के ग्राम दलदल पहुँचकर शहीद कर्णवीर सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए

# शहीद कर्णवीर ने प्रदेश ही नहीं देश का नाम रोशन किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम दलदल के लाल शहीद कर्णवीर सिंह ने प्रदेश ही नहीं देश का नाम भी रोशन किया है। कर्णवीर सिंह ने अपने जन्म-दिवस के दिन भारत माता की सेवा करते हुए दो आतंकवादियों को ढेर किया। इस संघर्ष में उन्हें अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा। कर्णवीर सिंह सदा-सदा के लिये अमर हो गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज सतना जिले के ग्राम दलदल पहुँचकर आतंकवादियों से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले अमर शहीद कर्णवीर सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शहीद के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। कर्णवीर सिंह का पूरे सैनिक तथा राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहीद के परिवार को एक करोड़ रूपए की सम्मान निधि भेंट की जायेगी। उनके भाई शक्ति सिंह को सरकारी नौकरी दी जायेगी। ग्राम दलदल में शहीद की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिये उनकी प्रतिमा लगाई जाएगी। परिवार के लोगों की सहमति के अनुसार किसी एक संस्था का नाम शहीद कर्णवीर सिंह के नाम पर किया जाएगा। मैं मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से शहीद के चरणों में नमन करता हूँ। उनका परिवार अब पूरे प्रदेश का परिवार है। धन्य है दलदल गाँव की धरती, जिसने ऐसे शहीद को जन्म दिया। शहीद कर्णवीर सिंह के पिता सेवानिवृत्त मेजर रवि प्रताप सिंह तथा माता श्रीमती मिथिलेश सिंह को भी मैं सादर नमन करता हूँ। उनका परिवार हम सबके लिए वंदनीय है। उनके पिता को अपने बेटे की शहादत पर गर्व है। उनकी आँख से आँसू की एक बूंद नहीं गिरी। वे कहते हैं कि यदि मेरे दस बेटे होते तो मैं सभी को भारत माँ पर कुर्बान कर देता। ऐसे देशभक्त परिवार को मैं सादर प्रणाम करता हूँ।

सतना जिले के दलदल निवासी कर्णवीर सिंह भारतीय सेना में 21 राजपूत रेजीमेंट में कार्यरत थे। कर्णवीर सिंह कश्मीर में शोपियाँ में आतंकवादियों से संघर्ष में शहीद हो गए थे। उनका पार्थिव शरीर विशेष विमान से दिल्ली तथा प्रयागराज पहुँचा। प्रयागराज से पूरे सैनिक सम्मान के साथ सड़क मार्ग से गृह ग्राम लाया गया। ग्राम पंचायत परिसर में शहीद कर्णवीर सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। हजारों लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए नम आँखों से भारत माता के सपूत कर्णवीर सिंह को अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, सांसद गणेश सिंह, विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## हजयात्रियों को लेनी होंगी वैक्सीन की दोनों खुराकें, अगले माह होगी हज यात्रा की आधिकारिक घोषणा: नकवी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि हज पर जाने के इच्छुक लोगों को कोविड-19 रोधी वैक्सीन की दोनों खुराकें लेनी अनिवार्य है तथा हज-2022 की पूरी प्रक्रिया भारत एवं सऊदी अरब की सरकारों की ओर से तय कोरोना संबंधी दिशानिर्देशों के तहत होगी। उन्होंने यहां 'हज समीक्षा बैठक' की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि हज-2022 की आधिकारिक घोषणा अगले माह के पहले सप्ताह में कर दी जाएगी तथा उसी समय आवेदन की प्रक्रिया भी आरंभ हो जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार सऊदी अरब एवं भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं कोरोना प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए हज 2022 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हज 2022 की अधिकृत घोषणा नवम्बर प्रथम सप्ताह में की जाएगी, उसके साथ ही हज के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भारत की हज 2022 की संपूर्ण प्रक्रिया 100 प्रतिशत ऑनलाइन/डिजिटल होगी। नकवी के मुताबिक, भारत और सऊदी अरब में हज-2022 के लिए जाने वाले लोगों के लिए कोरोना प्रोटोकॉल और स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के सम्बन्ध में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। हज 2022 में महामारी की स्थिति के मद्देनजर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल-दिशानिर्देशों का मुस्तैदी से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हज-2022 की संपूर्ण प्रक्रिया, सऊदी अरब की सरकार एवं भारत सरकार द्वारा कोरोना आपदा के मद्देनजर तय किए जाने वाले पात्रता मानदंड, आयु मानदंड, स्वास्थ्य परिस्थिति एवं अन्य जरुरी दिशानिर्देशों के अनुसार की जा रही हैं। नकवी ने कहा कि कोरोना महामारी एवं उसके प्रभाव को ध्यान में रखकर हज व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन एवं सुधार किया गया है।

## गुजरात कांग्रेस को जल्द मिलेगा प्रदेश प्रमुख, हार्दिक पटेल को बनाया तो पार्टी में टूट तय

**अहमदाबाद।** गुजरात प्रदेश कांग्रेस को जल्द ही नया प्रमुख मिल जाएगा गुजरात कांग्रेस संगठन म् बड़े फेरबदल को लेकर दिल्ली में राहुल गांधी अपने निवास पर प्रदेश नेताओं के साथ इस संदर्भ में बैठक चल रही है राहुल गांधी गुजरात प्रदेश कांग्रेस का प्रमुख हार्दिक पटेल को बनाना चाहते हैं, लेकिन अन्य नेताओं के विरोध के चलते यह मुमकीन नहीं लगता यदि हार्दिक पटेल को प्रदेश कांग्रेस का प्रमुख बनाया जाता है तो पार्टी टूट सकती है कांग्रेस के 20 जितने विधायक पार्टी भी छोड़ सकते हैं जानकारी है कि राहुल गांधी के निवास पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चार घंटे बैठक हुई है बैठक के बाद राहुल गांधी ने 26 अक्टूबर यानी दिवाली से पहले गुजरात प्रदेश कांग्रेस नया संगठन बनाने का आश्वासन दिया है बताया



जाता है कि बैठक में हार्दिक पटेल को गुजरात कांग्रेस प्रमुख की एक राय व्यक्त की गई थी लेकिन भरतसिंह सोलंकी, नरेश रावल, परेश धानाणी, अर्जुन मोढवाडिया समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने हार्दिक पटेल को गुजरात कांग्रेस कमान नहीं सौंपने की जोरदार पेशकश की इतना ही नहीं हार्दिक पटेल को गुजरात कांग्रेस प्रमुख बनाए जाने पर पार्टी में बड़ी टूट होने की चेतावनी भी दी7 राहुल गांधी तो हार्दिक पटेल को प्रमुख बनाने चाहते हैं7 लेकिन गुजरात कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा समेत प्रदेश के वरिष्ठ नेता इसका विरोध कर रहे हैं अब इस बात पर मंथन होगा कि आखिर किसे गुजरात प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपी जाए बैठक में गुजरात कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा, भरतसिंह सोलंकी, हार्दिक पटेल, सिद्धार्थ पटेल, अमित चावड़ा, शक्तिसिंह गोहिल, अर्जुन मोडवाडिया, अमी याज्ञिक इत्यादि मौजूद रहे जानकारी है कि दिल्ली में जब यह बैठक चल रही थी, तब हार्दिक पटेल और जिग्नेश मेवाणी के बैठक के बीच ही रवाना हो गए जिसे लेकर तर्क वितर्क शुरू हो गए हांलाकि बाद में पता चला कि हार्दिक और जिग्नेश मेवाणी को बिहार विधानसभा के उपचुनाव के लिए पार्टी प्रचार के लिए रवाना होना था।

## दिल्ली से लखनऊ आ रही फ्लाइट में प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिलेश का हुआ आमना-सामना

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान होने में भले ही अभी समय हो लेकिन राज्य की सियासी सरगर्मी तेज होती जा रही है। एक-दूसरे से गठबंधन की बातें भी चल रही हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर अखिलेश यादव और प्रियंका गांधी की फोटो वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि दोनों का दिल्ली से लखनऊ आ रही फ्लाइट में आमना-सामना हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अखिलेश और प्रियंका ने एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान दोनों के बीच कुछ मिनट बातचीत भी हुई। दोनों ने एक-दूसरे का हालचाल पूछा। अखिलेश यादव शुक्रवार ही दिल्ली दौरे पर पहुंचे थे। यहां उन्हें



सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद ही अखिलेश लखनऊ वापस लौट रहे थे। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा भी लखनऊ आ रही थीं। प्रियंका शनिवार को बाराबंकी में कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगी।

बता दें कि 2017 में कांग्रेस और सपा ने एक साथ चुनाव लड़ा था। कांग्रेस को इस चुनाव में सिर्फ सात सीटों पर ही जीत मिली थी, जबकि सपा के 49 विधायक जीते थे। इसके बाद दोनों दलों का गठबंधन टूट गया था। इस बार अखिलेश कह चुके हैं कि वह किसी भी बड़े दल से गठबंधन नहीं करने वाले है। अखिलेश ने कहा कि हमने सारे प्रयोग कर लिए हैं, लेकिन इस बार सिर्फ छोटे दलों से गठबंधन होगा, लेकिन शुक्रवार की फोटो वायरल होने के बाद एक बार फिर से कयास लगाने जाने लगे हैं कि क्या दोनों दलों के बीच गठबंधन होगा?

## स्वस्थ समाज वही होता है जिसमें सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास शामिल हो : राज्यपाल



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की छवि का आधार उसके समाज की जागरूकता और कर्त्तव्य बोध से होता है। जहाँ समाज अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहता है, वहां संवैधानिक व्यवस्था का संचालन भी प्रभावी ढंग से होता है। समाज की ताकत उसके सदस्यों की एकता, विश्वास, पारस्परिक सहयोग और सामूहिक प्रयासों में होती है। स्वस्थ समाज वही होता है जिसमें सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास शामिल हो। ये ही समावेशी विकास का आधार है। राज्यपाल मंगूभाई पटेल रविंद्र नाट्य गृह इंदौर में मध्यप्रदेश सेवा अलंकरण समारोह 2021 को संबोधित कर रहे थे। योगेंद्र महंत, वरिष्ठ पत्रकार विजय दास सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सम्मानित हुई प्रतिभाएँ

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति रेणु जैन, भोपाल के नाड़ी वैद्य चंद्रशेखर तिवारी, बीएसएफ के आईजी अशोक यादव एवं समाज के कल्याण एवं चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देने वाली अन्य विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

### प्रतिभाशाली व्यक्तियों के योगदान से हो सकेगा प्रदेश का समावेशी विकास

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश सेवा अलंकरण समारोह 2021 में अति उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए सम्मानित किया जाना एक स्वस्थ और सार्थक पहल है। प्रदेश की इन विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करने से समाज में सहयोग और एकता का वातावरण निर्मित होता है। किसी भी प्रदेश के समग्र विकास में सभी प्रतिभावान एवं समर्थ वर्ग के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



## वन-टू-वन

### ओमान के कप्तान ने कहा, यह उनके लिए अंत नहीं है, टीम जोरदार वापसी करेगी

**मस्कट।** ओमान के कप्तान जीशान मकसूद ने कहा कि यह उनके लिए अंत नहीं है, क्योंकि टीम मौजूदा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 12 में आगे बढ़ने में विफल रहने के बाद जोरदार वापसी करेगी। स्कॉटलैंड ने ओमान को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट के अगले चरण में जगह बनाई। जीत का मतलब था कि स्कॉटलैंड ग्रुप बी में नाबाद रहा और टी20 विश्व कप के राउंड 1 में छह अंकों के साथ टेबल-टॉपर्स के रूप में अंत हुआ। ओमान के कप्तान जीशान मकसूद ने कहा, यह अंत नहीं है, हम मजबूत वापसी करने वाले है। हम अच्छा स्कोर नहीं बना पा रहे हैं और इस तरह की कुछ गलतियों की कीमत हमें चुकानी पड़ी। यह उसके (जतिंदर सिंह) के लिए एक कठिन खेल था, दुर्भाग्य से वह रन आउट हो गया और इसने दूसरों पर थोड़ा दबाव डाला और बीच के ओवरों में हमने ज्यादा स्कोर नहीं किया। मुझे ओमान के लिए खेद है और हम कर सकते हैं वे जो खोज रहे थे उसे पूरा न करें। हम इसके बाद नामीबिया जा रहे हैं और हमें वहां अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। स्कॉटलैंड मेजबानों के साथ संघर्ष में चला गया, यह जानते हुए कि हार टूर्नामेंट का अंत स करकती है, लेकिन यह एक पूर्ण प्रदर्शन था क्योंकि स्कॉट्स ने ग्रुप बी में तीन में से तीसरी जीत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया - पक्ष के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि। यह स्कॉटलैंड को भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पसंद के साथ सुपर 12 में ग्रुप 2 में जगह देता है जबकि बांग्लादेश ग्रुप बी में उपविजेता के रूप में है और परिणामस्वरूप ग्रुप 1 में जाता है।

### रोहित शर्मा को भारत का इंजमाम कहते हैं, पाकिस्तान प्रशंसक

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान एक-एक खिलाड़ी पर हर किसी की निगाहें टिकी रहेंगी।रिकॉर्ड और फॉर्म टीम इंडिया के साथ है।लेकिन टी-20 में पाकिस्तान की टीम किसी भी वक्त दिग्गजों को अपने खेल से हैरान कर सकती है।वहीं कई दिग्गज क्रिकेटर भारतीय खिलाड़ियों पर दांव लगा रहे हैं।इस बीच इस महामुकाबले से पहले पाकिस्तान के पूर्व धाकड़ तेज़ गेंदबाज़ शोएब अख्तर ने भारतीय खिलाड़ियों की जम कर तारीफ की है। शोएब ने कहा है कि भारत के कुछ बल्लेबाज पाकिस्तान में बेहद लोकप्रिय हैं।उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में लोग भारतीय क्रिकेटरों को पसंद कर उनकी सराहना करते हैं।वहां विराट कोहली की तारीफ करते हैं, रोहित शर्मा को और भी ज्यादा पसंद करते हैं।वे उस भारत के इंज़माम कहते हैं।अख्तर ने कहा कि टी-20 में कुछ भी हो सकता है।उन्होंने कहा, 'बड़े मैच बड़े खिलाड़ी नहीं बल्कि बड़े साहस से जीते जाते हैं।बेशक, भारत के पास बेहतर खिलाड़ी हैं, लेकिन साहस और सही रणनीति से चीजें उम्मीद से अलग हो सकती हैं।साथ ही, टी20 एक मुश्किल फॉर्मैट है।ये बराबरी का मुकाबला होगा. ये इस बात पर निर्भर करेगा कि खिलाड़ी उस खास दिन कैसा प्रदर्शन करते हैं। अख्तर ने रोहित के साथ अपनी मुलाकात के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वहां रोहित से साल 2013 में मिले थे। रोहित शर्मा उनके भी फेवरेट खिलाड़ी हैं।उन्होंने कहा 'मैंने रोहित को कहा था कि तेरा नाम रोहित नहीं बल्कि ग्रेट रोहित होना चाहिए, वहां अकेला ऐसा खिलाड़ी है जो भारत के इंजमाम उल हक जैसा है।

### जल्द आ रही है महिंद्रा एक्सयूवी 700 जेवलीन

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी की महिंद्रा एक्सयूवी 700 जेवलीन एडीशन जल्द ही बाजार में उतारी जा सकती है1 महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने ऐलान किया था कि महिंद्रा एक्सयूवी 700 के स्पेशल एडिशन को कंपनी प्रस्तुत करेगी। महिंद्रा एक्सयूवी 700 का स्पेशल एडिशन जैवलिन सुमित अंतिल और नीरज चोपड़ा के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। आने वाले समय में ये गाड़ियां जल्द ही बाजारों में देखने को मिलेंगी। महिंद्रा की नई महिंद्रा एक्सयूवी 700 जेवलिन एडिशन की इमेज को कार एंड बाइक नामक वेबसाइट पर दिखाया गया है। जेवलिन को दोनों ही मॉडल के पीछे गोल्डन कलर में प्रिंट किया गया है। एक्सयूवी 700 जेवलीन के फीचर्स - महिंद्रा एक्सयूवी 700 में बहुत सी वर्टिकल स्लैट्स देखने को मिलेंगी। इसकी फ्रंट ग्रिल गोल्ड पेंटेड होगी। नया महिंद्रा बैज और ओआरवीएम के डोर हैंडल और रियर बैजिंग गोल्ड एक्सेंट के साथ आते है। इस एसयूवी को मिडनाइट ब्लू एक्सटीरियर पेंट की फिनिशिंग दी गई है। कार के इंटीरियर में भी थोड़े बहुत बदलाव किए गए हैं।महिंद्रा एक्सयूवी700 जेवलिन एडिशन, जिसे नीरज चोपड़ा के लिए डिजाइन किया गया है इस कार को अंदर और बाहर दोनों तरफ 87.58 मीटर को प्रिंट गया है। कार में मोटिफ पीछे की तरफ है। वही दूसरी ओर सुमित एंतिल के एक्सयूवी700 जेवलिन एडिशन का सिंबल है 68.55. महिंद्रा एक्सयूवी 700 जेवलीन का इंजन - 2.2-लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन को नई महिंद्रा एक्सयूवी 700 जेचलीन के स्पेशल एडिशन में अटैच किया गया है, जो कार को 420 एनएम टार्क और 185 एचपी पावर जनरेट करने में हेल्प करेगा।

### गूगल प्ले स्टोर पर सदस्यता कमीशन घटाकर 15 प्रतिशत करेगी

**नई दिल्ली।** गूगल ने कहा कि वह एक जनवरी 2022 से गूगल प्ले पर सदस्यता के लिए कमीशन को 30 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर देगी। पूर्व में कंपनियों ने ऐप्पल और गूगल द्वारा ऐप स्टोर पर 30 प्रतिशत कमीशन लेने की कड़ी आलोचना की है। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा ?कि एक जनवरी 2022 से शुरू होने वाली सदस्यता की पेशकश करने वाले डेवलपर्स का समर्थन करने के लिए हम गूगल प्ले पर सभी सदस्यता के लिए सेवा शुल्क 30 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर रहे हैं। गूगल ने कहा कि डिजिटल सदस्यता डेवलपर्स के लिए सबसे तेजी से बढ़ते मॉडल में से एक बन गया है, लेकिन सदस्यता व्यवसायों को भी ग्राहकों के अधिग्रहण और उन्हें रोके रखने के रूप में विशिष्ट चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर बालक इंटर अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2021

### नवल टाटा, नामधारी, राजा करण, राउंडग्लास, साई और एचआईएम अकादमी ने जीते मुकाबले

### मप्र हॉकी अकादमी और तमिलनाडु हॉकी अकादमी के बीच 23 अक्टूबर को लीग का अंतिम मुकाबला



**भोपाल।** प्रथम जूनियर बालक इंटर अकादमी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2021 के पांचवें दिन नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर, नामधारी इलेवन, राजा करण हॉकी अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी, साई अकादमी और एचआईएम ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। हॉकी इंडिया तथा खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चैंपियनशिप का आयोजन मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम की नवनिर्मित टर्फ पर किया जा रहा है। दिन के पहले मुकाबले में नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर ने ओलंपियन विवेक सिंह हॉकी अकादमी को 4-1 से हराया। पहले क्वार्टर में नवल टाटा ने गोल करके 1-.0 की बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर में विवेक सिंह की ओर से गोल हुआ और स्कोर 1-1 की बराबरी पर आ गया। नवल टाटा ने तीसरे क्वार्टर में 2 तथा चौथे क्वार्टर में 1 गोल करके 4-1 से मैच अपने नाम कर लिया। टाटा नवल के दिलबर बार्ला ने 2 गोल किए। दिन के दूसरे मुकाबले में नामधारी इलेवन ने आरवी अकॉदमी ऑफ हॉकी को 9-2 से पराजित किया। नामधारी ने पहले क्वार्टर में 1, दूसरे और तीसरे क्वार्टर में 2-2 तथा चौथे क्वार्टर में 4 गोल किए। वहीं, आरवी अकादमी की ओर से पहले और तीसरे क्वार्टर में 1-1 गोल किया गया। नामधारी की ओर से मोखरम ने सर्वाधिक 5 गोल किए। दिन के तीसरे मुकाबले में राजा करण हॉकी अकादमी ने मुंबई स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन को एकतरफा मुकाबले में 7-0 से शिकस्त दी। राजा करण की ओर से पहले ही क्वार्टर में 3 गोल दागे गए। दूसरे क्वार्टर में 1 और तीसरे क्वार्टर में 3 गोल किए।

दिन के चौथे मुकाबले में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने माता साहिब कौर हॉकी अकादमी को 9-1 से पराजित किया। मैच का पहला गोल माता साहिब की ओर से किया गया। लेकिन, इसके बाद राउंडग्लास पंजाब ने कोई मौका नहीं दिया और गोल की झड़ी लगा दी। पहले ही क्वार्टर में राउंडग्लास की ओर से 2 गोल किए गए। दूसरे क्वार्टर में 1, तीसरे में 4 और चौथे क्वार्टर में 2 गोल दागे। सवराज सिंह और गुरशरणप्रीत सिंह टीम के लिए 2-2 गोल किए। दिन के पांचवें मुकाबले में साई अकादमी कोलकाता ने मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी को 6-1 से हरा दिया। साई अकादमी ने पहले क्वार्टर में 2, दूसरे में 3 और तीसरे क्वार्टर में 1 गोल किया। मार्कंडेश्वर अकादमी ने चौथे क्वार्टर में एकमात्र गोल किया। दिन के छठे मुकाबले में एचआईएम अकादमी ने सिटीजन हॉकी इलेवन को 3-0 से पराजित किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने का प्रयास करती रही। दूसरे क्वार्टर में एचआईएम ने गोल करके 1-0 की बढ़त ले ली। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। चौथे क्वार्टर में एचआईएम ने 2 गोल करते हुए 3-0 से मैच अपने नाम कर लिया।

**चैंपियनशिप में 23 अक्टूबर के मुकाबले:** मालवा हॉकी अकादमी हनुमानगढ़ विरूद्ध सेल्यूट हॉकी अकादमी, प्रातः 6꞉45 से हुबली हॉकी अकादमी विरूद्ध रिपब्लिकन स्पोर्ट्स क्लब, प्रातः 8꞉30 से जय भारत हॉकी अकादमी विरूद्ध थिरूमालवलवन हॉकी अकादमी, प्रातः 10꞉15 से महाराजा रणजीत सिंह हॉकी अकादमी विरूद्ध एसजीपीसी हॉकी अकादमी, दोपहर 12꞉00 से।

### स्पोर्ट्स ब्रांड एडिडास की ब्रांड एम्बेसेडर बनीं दीपिका

**मुंबई।** खेल सामान बनाने वाली विश्व की प्रमुख कंपनी एडिडास ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। कंपनी ने यहां जारी अपने एक बयान में कहा कि दीपिका एडिडास के साथ मिलकर शारीरिक और भावनात्मक दोनों फिटनेस पर काम करेंगी जिसके लिए दोनों पक्ष प्रतिबद्ध रहे हैं। साथ ही कहा कि खेल इस अभिनेत्री के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहा है, इसलिए शक्ति और जुझारूपन में वह बेमिसाल हैं। पूरी दुनिया के लाखों लोगों के लिए वह प्रेरणा हैं। ऐसे में अब दीपिका और एडिडास दोनों मिल कर साझा मूल्यों पर ओर बेहतर काम करेंगे। एडिडास ने पूरी दुनिया की महिला एथलीटों और भागीदारों को एकजुट किया है जिसमें दीपिका पादुकोण के शामिल होने से महिलाओं के लिए खेल को लोकतांत्रिक बनाना और विविधता बढ़ाना एडिडास के लिए आसान होगा।

# जेसन नॉरेथ ने अकादमी के प्रशिक्षकों और स्पोर्ट्स साइंस एक्सपर्ट को वेबिनार के माध्यम से दिए टिप्स



### खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने वेबिनार में उपस्थित रहकर किया प्रोत्साहित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा चार दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया है। इस वेबिनार में विश्व प्रसिद्ध स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ हाई परफॉर्मेंस कोच ऑस्टेऊलिया के जेसन नॉरेथ ने अपने अनुभव को साझा किया। वेबिनार में मप्र की अकादमियों के लगभग 100 प्रशिक्षक और 29 स्पोर्ट्स साइंस एक्सपर्ट ने हिस्सेदारी कर इंजूरी और उससे बचने के उपाय के बारे में मार्गदर्शन हासिल किया। इस वेबिनार में खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने अपने विचार व्यक्त किए और इसे प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। खेल मंत्री की पहल पर इसका आयोजन अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। वेबिनार में संचालक खेल रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक भी उपस्थित रहे।

खेल मंत्री ने कहा कि हम अपने प्रशिक्षकों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग में लाई जा रही आधुनिक तकनीक और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण से अवगत कराना चाहते हैं। इसलिए इस वेबिनार सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। हमारे प्रशिक्षक इस वेबिनार के माध्यम से नई तकनीक को सीखेंगे जो मप्र के खिलाड़ियों के काम आएगा। भविष्य में भी ऐसे ही वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। वेबिनार का आयोजन चार प्रमुख विषयों पर आयोजित किया गया है। इसमें पहले दिन पीरियोडाइजेशन इन टीम स्पोर्ट्स विथ अ फोकस ऑन हॉकी पर चर्चा की गई। दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित वेबिनार में इंजूरी मैकेनिक्स एंड बायोमैकेनिकल कंसीडरेशन टू रिड्यूज इंजूरी रेट्स विथ फोकस ऑन हॉकी पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से प्रशिक्षकों और साइंस एक्सपर्ट को घुटने की चोट के बारे में विस्तार से बताया गया। 3 डी मोशन तकनीक के माध्यम से घुटने की इंजूरी पर चर्चा की। इससे कैसे बचा जाए इसके सुझाव भी दिए। आगामी 28 अक्टूबर को टेलेंट आइडेंटिफिकेशन टेलेंट ट्रांस्फर एंड डेवलपमेंट विथ अ फोकस ऑन एथलेटिक्स और 29 अक्टूबर को टेक्निक एंड एनालिसिस ऑफ परफॉर्मेंस विथ अ फोकस ऑन एथलेटिक्स विषय पर चर्चा की जाएगी।

# डिसेंट स्पोर्ट्स एकेडमी ने खिलाड़ियों को तराशने के लिए फिर प्रारंभ की क्रिकेट स्पर्धा



**भोपाल।** धार पिछले कई वर्षों से लगातार क्रिकेट प्रशिक्षण संस्थान डीसेंट स्पोर्ट्स एकेडेमी धार क्रिकेट के क्षेत्र में कई आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों को भेज कर जिले का नाम रोशन कर चुकी है, वहीं प्रदेश भर में एकेडमी टूर्नामेंट भी आयोजित कर चुकी है, इसी क्रम में आज नगर में क्रिकेट लीग लेदर बाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन स्थानीय एस.पी.डी.ए. ग्राउंड पर आदित्य प्रताप सिंह, ज़िला पुलिस अधीक्षक के विशेष आतिथ्य एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह मंडलोई, वरिष्ठ पत्रकार प. छोटू शास्त्री, आर.आई. अरविंद डांगी, नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह धुर्वे, समाजसेवी आशीष भाकर ,सीताराम ठाकुर ,डॉ सूरज माथुर के आतिथ्य में शुरू हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सचिन बाफना ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया । तत्पश्चात मैच की शुरुआत की गई जिसमें प्रथम मैच डी आर पी लाइन एवम भोज सुपर किंग्स के बीच खेला गया जिसमें पहले बैटिंग करते हुए टीम ने 163 रन बनाए , डी आर पी लाइन की तरफ से विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए स क्क आदित्य प्रताप सिंह ने 7 गेंदों में 2 चोक्के एवम 1 छक्का जड़ते हुए टीम को 15 रनों का योगदान दिया वही सीएसपी देवेंद्र धुर्वे द्वारा 24 रन एवम 2 विकेट बटोरते हुए मेन ऑफ द मैच बने ।अभिषेक वसुनिया ने 35 रन ठोकते हुए टीम को नई ऊंचाई तक पहुचाया ।मैच में भोज सुपर किंग्स 82 रन पर सिमटकर हार गई । आपको बता दें कि उक्त प्रीमीयर लीग का आयोजन आज से शुरू होकर 10 नवंबर तक चलेगा जिसमें जिलेभर की 9 टीमें भाग ले रही है, जिसका प्रथम पुरस्कार 21000 स्व .शांतिलाल जी भाकर की स्मृति में भाकर परिवार की ओर से दिया जाएगा।

### भारत में न्यू ऑडी क्यू5 जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** ऑडी इंडिया कंपनी अपनी न्यू ऑडी क्यू5 लग्जरी कार को भारतीय बाजार में जल्द पेश करने वाली है। ऑटोमोबाइल कंपनी ऑडी ने अपनी बेस्ट सेलिंग एसयूवी के फेसलिफ्ट मॉडल 2022 ऑडी क्यू5 की बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस कार को बुक करा सकते हैं। ऑडी क्यू5 की बुकिंग अमाउंट 2 लाख रुपये है। ऑडी क्यू5 फेसलिफ्ट स्पोर्टी लुक और लेटेस्ट फीचर्स से लैस होगी। भारत में 2022 ऑडी क्यू5 फेस?लिफ्ट को न्यू ऑडी क्यू5 प्रीमियम प्लस और न्यू ऑडी क्यू5 टेक्नालॉजी जैसे 2 शानदार वेरिएंट में पेश करने की तैयारी है। अपकमिंग मेड इन इंडिया ऑडी क्यू5 फेसलिफ्ट की बुकिंग शुरू करते हुए मीडिया से बातचीत में ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लो ने बताया कि नई ऑडी क्यू5 अपने सेगमेंट में शानदार फीचर्स, कंफर्ट और पावरफुल इंजन से लैस है। नए डिजाइन से ऑडी क्यू5 फेसलिफ्ट जबरदस्त हो गई है। आपको बता दें कि बीते दिनों ऑडी ने अपनी अपकमिंग एसयूवी ऑडी क्यू5 का औरंगाबाद स्थित एसएवीडब्ल्यूआईपीएल प्लांट में प्रोडक्शन शुरू किया है। 2022 ऑडी क्यू5 फेसलिफ्ट के लुक, डिजाइन और इंजन पावर की बात करें तो इसमें वर्टिकल स्ट्रट्स वाली सिंगल फ्लेम ग्रिल के साथ ही रिडिजाइन्ड बंपर, 19 इंच की नई व्हील, नई एलईडी हेडलैंप, नई टेललाइट्स लगी हैं। इसमें 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि 249बीएचपी की पावर और 370 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। नई ऑडी क्यू5 7 स्पीड डुअल क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से लैस है। अकमिंग ऑडी क्यू5 फेसलिफ्ट की भारत में मर्सडीज -बेंझ जीएलसी, लेंड रोवर डिस्कवरी स्पोटर्स और बीएमडब्ल्यू एक्स3 जैसी एसयूवी से टक्कर होगी। ऑडी क्यू5 फेसलिफ्ट भारत में 60 लाख रुपये की प्राइस रेंज में लॉन्च की जा सकती है।इस एसयूवी को ऑडी के क्वात्रो एडब्ल्यूडी सिस्टम के साथ पेश किया गया है। न्यू ऑडी क्यू5 के फीचर्स की बात करें तो इसमें ऑडी पार्क असिस्ट, कंफर्ट चाबी के साथ ही सेंसर कंट्रोल्ड बूट लिड ऑपरेशन, ऑडी एक्सक्लूसिव पियानो ब्लैक।

# सेबी ने कहा- डिजिटल सोने में डील न करें निवेश सलाहकार




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेश सलाहकारों को डिजिटल सोने में डील करने से मना किया है। सेबी ने कहा है कि डिजिटल सोना एक अन-रेगुलेटेड प्रोडक्ट है, इसमें डील ना की जाए। सेबी ने कहा था कि कुछ रजिस्टर्ड निवेश सलाहकार सोने सहित अन-रेगुलेटेड प्रोडक्ट्स को खरीदने और बेचने की गतिविधि में लगे हुए हैं, जबकि ऐसा करना नियमों के खिलाफ है। सेबी का यह बयान दिवाली से ठीक पहले आया है। बाजार के लगातार चढ़ते मूड़ और सोने की कीमतों में उछाल को देखते हुए लोग सोने में निवेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं और तमाम निवेश सलाहकार निवेशकों को लगातार सोने में निवेश की सलाह दे रहे हैं और निवेश के लिए मंच भी प्रदान कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले 26 अगस्त को एक्सचेंजों ने स्टॉक ब्रोकर्स को डिजिटल गोल्ड में डील करने पर रोक लगा दी थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने स्टॉक ब्रोकर्स सहित अपने सदस्यों को 10 सितंबर तक अपने प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड की बिक्री बंद करने का निर्देश दिया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की कार्रवाई के बाद भी सेबी ने पाया था कि कुछ पंजीकृत निवेश सलाहकार डिजिटल सोना समेत अनियमित उत्पादों को खरीदने, बेचने या कारोबार करने के लिए एक मंच प्रदान कर रहे हैं। सेबी ने कहा कि निवेश सलाहकार डिजिटल गोल्ड के लिए सलाह, वितरण या निवेश से जुड़ी सेवाएं नहीं दे सकते हैं और इस तरह की अनियमित गतिविधियां सेबी अधिनियम, 1992 के तहत दंडात्मक कार्रवाई के तहत आती हैं। सेबी ने कड़े शब्दों में कहा है कि निवेशक सलाहकारों द्वारा डिजिटल गोल्ड में निवेश को लेकर सलाह और निवेश जुड़े कामों में शामिल होना सेबी एक्ट 1992 और सेबी के 2013 के रेगुलेशन के खिलाफ है।

### पेटीएम को लग सकता है 2,000 करोड़ का झटका!

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम के आईपीओ का निवेशकों को बेसब्री से इंतजार है। चीन के अरबपति जैक मा के एंट ग्रुप के निवेश वाली यह कंपनी दिवाली के आसपास आईपीओ लाने की तैयारी में है। इसे देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। पेटीएम का आईपीओ 16,600 करोड़ रुपए का होगा। लेकिन वैल्यूएशन में मतभेद के चलते कंपनी 2000 करोड़ रुपए की प्री-आईपीओ सेल से किनारा करने पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इनिशियल इनवेस्टर फीडबैक के आधार पर कंपनी 20 अरब डॉलर का वैल्यूएशन चाहती है लेकिन एडवाइजर्स ने डील के लिए इससे कम वैल्यूएशन की सिफारिश की है। यूनिकॉर्न पर नजर रखने वाली फर्म सीबी इनसाइट के मुताबिक पेटीएम का लास्ट वैल्यूएशन 16 अरब डॉलर था। इस साल कई कंपनियों का आईपीओ जबरदस्त हिट रहा है और इसे देखते हुए पेटीएम भी मजबूत ?निवेशकों की उम्मीद कर रही है।

# एलन मस्क ने एक दिन में कमाए 51,263 करोड़

### मुकेश अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर



**वाशिंगटन।** टेस्ला के शेयरों में तेजी की वजह से दुनिया के प्रमुख रईस एलन मस्क की दौलत इन दिनों बहुत तेजी से बढ़ रही है। गुरुवार को टेस्ला के शेयरों में 3.26 फीसदी तेजी आई। इससे कंपनी के सीईओ मस्क की नेटवर्थ में 6.85 अरब डॉलर यानी 51,263 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। जानकारी के मुता?बिक उनकी नेटवर्थ 249 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। इस बीच एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं। गुरुवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 2.85 फीसदी की गिरावट आई। इससे अंबानी की नेटवर्थ में 3.04 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 99.2 अरब डॉलर रह गई है। इस साल अंबानी की नेटवर्थ में 22.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। जिस तरह से मस्क की नेटवर्थ बढ़ रही है, उससे वह दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। उनकी नेटवर्थ आने वाले दिनों में 1 लाख करोड़ डॉलर पहुंच सकती है। ?विशेषज्ञों का कहना है ?कि मस्क की कंपनी स्पेसएक्स में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यही वजह है कि मस्क के दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बनने की संभावना बढ़ गई है। इस साल टेस्ला का शेयर भी 20 फीसदी से अधिक चढ़ चुका है। इस साल उनकी नेटवर्थ 78.9 अरब डॉलर बढ़ चुकी है। वहीं अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी एक स्थान चढ़कर दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें स्थान पर आ गए हैं। उनकी नेटवर्थ में 1.45 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह स्पेन के एमेंशियो ओर्टेगा को पछाड़कर 13वें नंबर पर आ गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 45.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अंबानी के बाद अडानी एशिया और भारत के दूसरे सबसे बड़े रईस हैं।

ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 198 अरब डॉलर है। फ्रांसीसी बिजनसमैन और दुनिया की सबसे बड़ी लग्जरी गुड्स कंपनी के चेयरमैन ऑफ चीफ एग्जीक्यूटिव बर्नार्ड आरनॉल्ट (164 अरब डॉलर) इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स 133 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे नंबर पर हैं। पांचवे नंबर पर अमेरिकन मीडिया के दिग्गज और फेसबुक के सीईओ मार्क जकरबर्ग हैं। उनकी नेटवर्थ 127 अरब डॉलर है। अमेरिकी कम्प्यूटर साइंटिस्ट और इंटरनेट उद्यमी लैरी पेज 126 अरब डॉलर के साथ छठे, गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन 122 अरब डॉलर के साथ सातवें, लैरी एलिसन 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ साथ आठवें, अमेरिकी बिजनसमैन तथा निवेशक स्टीव बाल्मर 111 अरब डॉलर के साथ नौंवे और जाने माने निवेशक वारेन बफे 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दसवें स्थान पर हैं। दुनिया के टॉप 10 रईसों में 9 अमेरिका के हैं।

### शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन आईटीसी, मारुति और इन्फोसिस के शेयरों के नीचे आने के साथ ही दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले रुख के कारण बाजार गिरा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 101.88 अंक करीब 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ ही 60,821.62 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 63.20 अंक तकरीबन 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ ही 18,114.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा तीन फीसदी गिरावट आईटीसी के शेयरों में रही। इसके अलावा, मारुति, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरे हैं। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर बढ़े हैं। निजी क्षेत्र के बैंक यस बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2021-22) की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए। बैंक ने सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही में 225 करोड़ रुपये का लाभ प्रॉफिट दर्ज किया। जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 129 करोड़ रुपये था। वहीं इस प्रकार बैंक के नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर करीब 74 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं सुबह बाजार तेजी के साथ खुला पर समय के साथ ही इसमें गिरावट आने लगी।



# बीच सड़क पर खोदकर डाला गटर, लोगों को वाहन निकालने में हो रही परेशानी

**नगर पालिका में स्थानीय लोग कईबार कर चुके शिकायत, फिर भी नहीं हुई सुनवाई तो सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज करायी शिकायत**



**भिण्ड।** शहर के वार्ड क्र.2 वीरेन्द्र नगर मंगला माता मंदिर के पास शत्रुघन के मकान वाली गली में बीच सड़क पर एक दबंग युवक ने शौचालय का गटर खोदकर डाल दिया है जिसे बंद नहीं कर रहा है जिससे स्थानीय लोगों को निकलने में परेशानी होती है वहीं रात के समय मवेशी व बच्चे भी गिरने का खतरा बना हुआ है, और वाहन गिरने की आशंका बनी रहती है जिसको बंद करवाने के लिए नगर पालिका में कईबार शिकायती आवेदन दिया गया, जिसके बाद भी सफाई दरोगा व अन्य अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है और समस्या हल होने की बजह बढ़ती चली जा रही है अगर कोई गटर बंद करने का प्रयास करता है तो दबंग युवक झगड़ा करने पर उतारु हो जाता है जिसको लेकर थाने में भी शिकायत की गई फिर भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं गली में सफाई कर्मचारी हमेशा नदारत रहते हैं और दलदल भरा मार्ग होता जा रहा है। स्थानीय लोग जिला व नगरीय प्रशासन से परेशान होकर इस समस्या को हल कराने के लिए सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करायी है जहां से भी निराकरण होता नजर नहीं आ रहा है। गंदगी, कीचड़ खुला पड़ा गटर को लेकर लोग परेशान है वहीं दीपाली का त्योहार नजदीक है और समस्या हल होने की बजह दलदल में मचा हुआ है।

नगर पालिका सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा शहर की साफ-सफाई कराने में फैल नजर आ रहे हैं और शिकायते कम होने की बजह दिनों दिन सीएम हेल्पलाइन पर ढ़ेर बढ़ता जा रहा है सीएमओ सफाई को लेकर कहीं भी ध्यान नहीं दे रहे हैं इसलिए त्योहार पर भी शहर गंदगी भरा नजर आ रहा है वहीं शहर के वार्ड क्र.2 वीरेन्द्र नगर मंगला माता मंदिर के पास शत्रुघन के मकान वाली गली की समस्या को लेकर सीएमओ कईबार अवगत कराया, जिसके बाद भी समस्या का निराकरण करवाने के लिए तैयार नहीं है जब भी स्थानीय लोग शिकायत करने जाते हैं तो सिर्फ आश्वासन मिलता है जमीनी हकीकत शून्य नजर आ रही है नगर पालिका में 500 से अधिक सफाई कर्मचारी है जिसके बाद भी शहर की गलियों की बदहाली अपने आप पर आंसू बहा रही है। तात्कालीन कलेक्टर इलैया राजा टी के समय साफ-सफाई के अलावा गलियों में रंगोली नजर आती थी, लेकिन आज तक कीचड़ व दलदल ही दलदल नजर आ रहा है क्योंकि भिण्ड कलेक्टर भी साफ-सफाई को लेकर ज्यादा रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

## अवैध तंबाकू सुपारी की फैक्टरी पर छापा

**भिण्ड।** जिले के रौन थाना के मछंड चौकी के अंतर्गत बिसवारी गांव में अवैध तंबाकू-सुपारी की फैक्टरी संचालित हो रही थी। पुलिस ने छापामार कर बड़ी मात्रा में माल को पकड़ा। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। फैक्टरी संचालक मौके पर नहीं मिला। मौजूद कर्मचारी फैक्टरी संबंधित कोई दस्तावेज पुलिस को नहीं दिखा सके।

रौन थाना प्रभारी उदय भान सिंह के मुताबिक मछंड चौकी के बिसवारी गांव में अवैध तंबाकू फैक्टरी संचालित होने की सूचना मुखबिर ने दी कि मछंड चौकी के बिसवारी गांव में हरिसिंह राजावत के घर में अवैध तंबाकू की फैक्टरी संचालित हो रही है। यह सूचना पर शुक्रवार की दोपहर के पश्चात पुलिस ने दबिश दी। यहां बड़ी तादाद में तंबाकू पाउच, सुपारी पाउच और चूना के पैकेट मिले। पुलिस को यहां काम करने वाले एक दर्जन कर्मचारी मिले। पुलिस की छापामार कार्रवाई को देख गांव में हड़कंप मच गई। पुलिस ने जब मौजूद कर्मचारियों से असली मालिक की तलाश की तो बताया कि हरिसिंह राजावत का ल?का दीपक सिंह इस फैक्टरी को संचालित करता था। यह फैक्टरी को लेकर हरिसिंह ने पुलिस को बताया कि लड़का अभी बाहर गया है। एक दो दिन में आ जाएगा। फैक्टरी के कागज उसी के पास है। फिलहाल पुलिस फैक्टरी को अवैध बता रही है। थाना प्रभारी सिंह का कहना है कि फूड विभाग के अफसरों से बातचीत कर फैक्टरी के पंजीयन के बारे में पूछा गया परंतु इस तरह की फैक्टरी संचालन को लेकर लाइसेंस न होने की बात कही गई। फिलहाल पुलिस फैक्टरी को अवैध मान कर चल रही है।

**गांव में बनाया शहर जैसा दफ्तर-**

सिंध नदी के बीहड़ से सटे बिसवारी गांव से तंबाकू-सुपारी के पाउच सीधे यूपी भेजे जाते थे। गांव में फैक्टरी में शहर जैसी सुविधाएं थी। यहां बिजली के लिए जनरेटर, ऑफिस, पैकिंग पाउच मशीनरी समेत अन्य सुविधाएं मौजूद थी। यह कार्रवाई में पूरे समय लहार एसडीओपी अवनीश बंसल मौजूद रहे। फैक्टरी पर कार्रवाई में मुख्य भूमिका रौन थाना प्रभारी व मछंड चौकी प्रभारी की बताई जा रही है।


**फैक्टरी से 25 लाख से अधिक का माल बरामद-**

रौन थाना पुलिस के मुताबिक फैक्टरी से 25 लाख से अधिक का माल बरामद हुआ है। यहां बीस लाख की तंबाकू, सुपारी व पाउच समेत मिला है। इसके अलावा पांच से छह लाख की मशीनरी भी है।

# अवैध तंबाकू सुपारी की फैक्टरी पर छापा

**फर्जी एफआईआर रद्द कराने मालनपुर उद्योग संघ ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन,**

**पुलिस अधीक्षक ने दिए जांच के आदेश**



**भिण्ड।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित शिव शक्ति टैंक एंड वेसल्स कंपनी संचालक एवं उद्योग संघ के सचिव जितेंद्र नागबानी के विरुद्ध हरीराम के पुरा मालनपुर का रहने वाले कृष्णा जाटव द्वारा मालनपुर थाने में की गई शिकायत को लेकर शुक्रवार को मालनपुर उद्योग संघ के पदाधिकारी एवं कंपनी प्रबंधन मैनेजर और श्रमिकों के समूह ने मालनपुर टीआई विनोद सिंह कुशवाह से मिलकर ज्ञापन सौंपाद्य ज्ञापन में उद्योग संघ की मांग थी की कृष्णा जाटव द्वारा मालनपुर थाने में प्रस्तुत शिकायती आवेदन पत्र में बताया गया है कि मैं हॉट लाइन फैक्ट्री के पास सोच करने करने गया था तभी जितेंद्र नागबानी के कहने पर गार्ड वालों ने गोली मार दी थी मैं घायल हो गया थाद्य उद्योग संघ का कहना है कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और असत्य है जबकि घटना के समय नागबानी ग्वालियर में थे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे टोल से निकलते वक्त के फुटेज और मोबाइल लोकेशन निकलवाई जाए ताकि घटना की सत्यता पता चल सके कृष्णा जाटव द्वारा पूर्व में दिए गए कथनों से स्पष्ट होता है कि उसके द्वारा जानबूझकर प्रार्थी को फसाया जा रहा है उसके द्वारा जानबूझकर पैसे ऐंठने के उद्देश्य से राजनीतिक लोगों के चक्कर में फसकर मनगढ़ंत कहानी बनाकर पुलिस को शिकायत कर रहा है जिससे उद्योगपति नागबानी की छवि धूमिल हो रही है और उद्योगों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है ज्ञापन देने गए सभी उद्योगपतियों ने एक स्वर में कहा कि अगर इस तरीके से लोग उद्योगपतियों पर दबाव बनाकर झूठी शिकायत करते रहेंगे तो हम कैसे उद्योग चला पाएंगे उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कर झूठी शिकायतकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाएं।

**इनका कहना है:**

मामले की जांच करवाई जाएगी जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक भिंड**

# घर में चल रहा था पटाखे बनाने का कोराबार, पुलिस ने मारा छापा



**भिण्ड।** दीपावली त्योहार नजदीक आते ही जिले में अवैध आतिशबाजी बनाए जाने का कारोबार शुरू हो गया है। भिंड शहर की कोतवाली पुलिस ने भवानी पुरा इलाके से करीब डेढ़ लाख के पटाखे घर के अंदर से जब्त किए है। इस कारोबार में दो महिला समेत दो पुरुष को आरोपी बनाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। सीएसपी आनंद राय के मुताबिक भवानीपुरा क्षेत्र में अवैध पटाखे बनाए जाने की सूचना मुखबिर ने दी। मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने घेराबंदी करके एक घर में छापा मारा। इस घर के अंदर करीब डेढ़ लाख रुपए के पटाखे, सुतली बम समेत तमाम विस्फोट सामग्री मिली। घर के अंदर पटाखे बनाए जाने का कारोबार रूखसाना पत्नी नूर मोहम्मद खां, नूर मोहम्मद खां पुत्र राने खां निवासी भवानीपुरा और रूबी पत्नी इमरान खां, इमरान पुत्र बाते खां निवासी सदर बाजार को आरोपी बनाया है। यह पटाखे का कारोबार बिना परमिशन के घनी बस्ती में बनाया जा रहा था। पुलिस को यहां से तैयार पटाखे, कच्चा माल व भारी मात्रा में पोटाश समेत ज्वलनशील विस्फोटक बरामद हुआ। पुलिस ने आतिशवाजी का माल को जब्त कर लिया है।

### पावई पुलिस भी जब्त कर चुकी अवैध पटाखे

इससे पहले पावई पुलिस भी अवैध पटाखों को जब्त कर चुकी है। शरद पूर्णिमा पर पटाखे बेचने के लिए अवैध तौर पर सजाई गई आतिशबाजी की दुकान को पावई पुलिस ने पकड़ा था। जहां से विस्फोटक सामग्री को बिना लाइसेंस के बेचते हुए जब्त की गई थी।

# जिले के नही प्रदेश के बड़े नेता थे श्री कटारे : भारद्वाज

**पिता की कमी पूरी कोई नही कर सकता लेकिन आप सबका प्यार ही मेरी ताकत : हेमंत**



**भिण्ड।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष स्व. सत्यदेव कटारे की पाँच वी पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस के दिशा निर्देश में नगर कांग्रेस ने भूता कोठी पर मनाई गई। जिसमें मुख्यतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर भारद्वज एवं अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री भगवान दास सैंथिया ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर भारद्वज कहा कि स्व. कटारे अटेर क्षेत्र के प्रतिनिधि रहे और उन्होंने राजनीति में अपना एक अलग स्थान कायम किया वो इतने कद्दावर नेता बने उन्होंने भिण्ड जिले का नही सम्पूर्ण प्रदेश का नाम देश की राजनीति में रोशन किया। पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने भावुक होते हुए कहा पिता की कमी तो कोई पूरी नही कर सकता लेकिन आप सब का इतना प्यार ही मेरी ताकत है, में आपको इतना ही कहूंगा किसी कार्यकर्ता को कभी पीठ नही दिखाऊंगा। भगवानदास सैंथिया ने कहा मेने अपने राजनीतिक जीवन में स्व. कटारे जी जितना निडर, दवंग और कार्यकर्ताओं को बढ़ाने वाला नेता नही देखा। नगर अध्यक्ष संजय भूता ने उनकी स्मृति को याद करते हुए उन्हें जमीनी और दूर दृष्टि वाला नेता बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम को कार्यवाहक अध्यक्ष ईरसाद अहमद, रहीश खान, महेश जाटव, रूप सिंह सरैया, ममता मिश्रा, बलराम जाटव, राहुल राजावत, अरविंद बघेल, थानसिंह यादव, पीसी दीक्षित आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में सुनीता दोहरे, संजीव बरुआ, अजय शर्मा, मनोज जैन, वीरप्रकाश श्रीवास्तव, सोहन तिवारी, योगेश शाक्य, अरविंद सोनी, अंकित तोमर, राजवीर खन्ना, कुलदीप भारद्वज, नरेश चौधरी, उषा धाकरे, रामहेत शाक्य, गोविंद शाक्य, पिंटू शर्मा, गोपाल शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कटारे की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पूर्व गृहमंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व.श्री सत्यदेव कटारे की पांचवी पुण्यतिथि नगर के वार्ड नं 14 स्थित सुदामा लाल कटारे के आवास के पर मनाई गई । कार्यक्रम के प्रारम्भ में कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय सत्यदेव कटारे जी के चित्र पर पुष्प अर्पित सर उनको नमन किया। इस अबसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ के बीच कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र परासर एवं कांग्रेस के जिला सचिव हरिओम कटारे ने स्वर्गीय सत्यदेव कटारे को एक महान कर्म योगी नेता बताते हुए कहां कि उन्होंने भिंड जिले का नाम पूरे मध्यप्रदेश में रोशन किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अबसर पर फल वितरण भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला सचिव हरिओम कटारे सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र पाराशर जिला सचिव अस्सु खान सुभाष दीक्षित आरिफ खान ओम प्रकाश दीक्षित अशोक सिंह नरवरिया पीयूष रावत राजीव श्रीवास्तव राहुल प्रजापति आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 100 करोड़ टीका का जश्न मनाते हुए भाजपा ने स्वास्थ्य कर्मियों का किया सम्मान



**भिण्ड।** कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में भारत ने गुरुवार को बड़ा कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। भारत में टीकाकरण का आंकड़ा 100 करोड़ पार कर गया। इस इतिहासिक उपलब्धि पर भाजपा जनों ने स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने जिला अस्पताल भिंड गोहद मेहगांव और का मालनपुर में पहुंच कर डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों का दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर उनका सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा आप के परिश्रम से ही वैक्सीन अभियान में 100 करोड़ लोगों को लगवाई गई जिन्होंने दिन-रात एक कर इस कोविड-19 की लड़ाई को लड़का उन्हें संजीवनी प्रदान करने का काम किया है।

**इनका हुआ सम्मान:** सीएचएमओ डॉ. अजीत मिश्रा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ देवेश शर्मा सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल डॉ एके व्यास डॉक्टर सौरभ जैन एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। साथ ही इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जश्न मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को धन्यवाद देते हुए उनका आभार माना।

### हारजीत का दांव लगाते हुए 14 जुआरी गिरफ्तार, 29 हजार की नगदी जब्त

**भिण्ड।** अटेर एवं बरोही थाना क्षेत्रान्तर्गत जुआरी हारजीत का दांव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर संबंधित थाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जुआरियों को हिरासत में लिया और उनके पास से दो ताश की गड्डी व नगदी जब्त की। अटेर थाना क्षेत्र के सोनेलाल का पुरा तालाब के पास गुरुवार शाम 6 बजे नरेन्द्र, विनोद, आमिन, सुनील, रामसेवक, लालसिंह, नीरज, राहुल, वीरेन्द्र निवासी परा सोने ला का पुरा जो गांव में जुआ खेलते हुए पुलिस ने हिरासत में लिए और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित 16 हजार 500 रुपये की नगदी जब्त की। इसी तरह बरासो थाना क्षेत्र के ग्राम सिलोली के खेत में हार में श्यामू जादौ, घनश्याम, संदीप निासीगण ग्राम भोरा थाना मेहगांव, फिरोज खान निवासी गिजोर्रा के पास से एक ताश की गड्डी सहित 13 हजार 470 रुपये जब्त किये। पुलिस ने उक्त जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ऊधारी के पैसे मांगने को लेकर युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** गोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम सीताराम के लावन में टेना खान के मकान के सामने एक युवक से उसी गांव निवासी दो युवक उधारी के पैसे मांगने को लेकर झगड़ा करने लगे और जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दोनों आरोपी के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।पुलिस के अनुसार प्रमोद कुमार पुत्र खचेरे लाल जाटव निवासी लालपुर थाना गोरमी ने बताया बुधवार दोपहर 10 बजे आरोपी देवेशसिंह गुर्जर पुत्र रामसेवक गुर्जर, रामसेवक पुत्र पानसिंह गुर्जर निवासी सीताराम की लावन जो उधारी के पैसे मांग रहे थे, इसी को लेकर गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक गालियां देने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**भिण्ड।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रवीण फुलपगारे द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रवीण फुलपगारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत भिण्ड के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत डॉ सतीश कुमार एस रिटर्निंग अधिकारी, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड उदयसिंह सिकरवार सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। जनपद पंचायत गोहद के लिए तहसीलदार रामजीलाल वर्मा रिटर्निंग अधिकारी, नायब तहसीलदार देहगांव निशीकांत जैन, उपयंत्री जल संसाधन गोहद नरेन्द्र सिंह भदौरिया, उपयंत्री जलसंसाधन गोहद राजकुमार अग्रवाल पशु चिकित्सक गोहद विनोद कुमार शर्मा, रघुवीर सिंह भदौरिया, आनंद त्रिपाठी, उपयंत्री जल संसाधन गोहद एमएस कुशवाह, डीके सौलंकी, उपयंत्री आरईएस गोहद अनिल कुमार श्रीवास्तव, उमेश तिवारी एवं आशुतोष श्रीवास्तव सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। जनपद पंचायत मेहगांव के लिए तहसीलदार मेहगांव आरएन खरे रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नायब तहसीलदार मेहगांव रंजीत सिंह कुषवाह, उपयंत्री जल संसाधन उपखण्ड मेहगांव सुरेश कुमार शर्मा, उपयंत्री जल संसाधन गोरमी प्रवीण श्रीवास्तव, उपयंत्री जल संसाधन मेहगांव नरेश जैन, वीरसिंह चौरसिया, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग मेहगांव ब्रजमोहन शर्मा, पशु चिकित्सक मेहगांव भूपेन्द्र सिंह भदौरिया, पशु चिकित्सा सहायक गोरमी आरपी शर्मा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मेहगांव श्यामकिशोर भारद्वाज, सहायक यंत्री जल संसाधन गोरमी नवाब सिंह त्यागी, पशु चिकित्सा सहायक रजनीष शर्मा एवं उपयंत्री आरईएस मेहगांव राघवेन्द्र पचौरी बनाये गये है। जनपद पंचायत अटेर के लिए तहसीलदार मनोज कुमार सिंह रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार अटेर अनीस कुमार धाकड, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग अटेर प्रदीप कुमार शर्मा, पशु चिकित्सक अटेर संजय सिंह राठौर, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अटेर कृष्णगोपाल शर्मा, पशु चिकित्सक अटेर स्वदेश थापक, पशु चिकित्सा किशूपुरा ऋषीकेष, उपयंत्री आरईएस अटेर पवन श्रीवास, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास अटेर राहुल गुप्ता, सहकारिता विस्तार अधिकारी अटेर संजय श्रीवास्तव, उपयंत्री आरईएस अटेर लोकेन्द्र वर्मा एवं हरेन्द्र सिंह होंगे। जनपद पंचायत भिण्ड के लिए तहसीलदार भिण्ड श्रीमती ममता शाक्य को रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नायब तहसीलदार उमरी अरविन्द कुमार शर्मा, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्र.2 अमर सक्सैना, उपयंत्री जल संसाधन क्र.1 भिण्ड आरके यादव, विनोद सिंह, उपयंत्री लोकनिर्माण विभाग उप संभाग क्र.1 भिण्ड दिनेश कुमार श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा सहायक नयागांव गणेशंकर मिश्रा, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग भिण्ड आरके चतुर्वेदी, पशु चिकित्सक भिण्ड सेखर सिंह चौहान, पशु चिकित्सक भिण्ड अभिषेक यादव बनाये गये है। जनपद पंचायत रौन के लिए नायब तहसीलदार रौन रामनिवास धाकड को रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नायब तहसीलदार मिहोना राजेन्द्र कुमार मौर्य, पशु चिकित्सक इन्दुर्खी देवव्रत कोस्ती, परियोजना अधिकारी एबावि रौन अजयदेव, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रौन करन सिंह कुशवाह, पशु चिकित्सा सहायक मिहोना अतुल शर्मा को नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत लहार के लिए नायब तहसीलदार लहार नवीन भारद्वाज को रिटर्निंग ऑफीसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नायब तहसीलदार लहार आशीष अग्रवाल, उपयंत्री आरईएस लहार आनंद सिंह चौहान, उमेश तिवारी, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग उप संभाग लहार राधाकांत द्विवेदी, पशु चिकित्सक लहार मनोज कुमार शर्मा, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग लहार सतीश कुमार, पशु चिकित्सक आलमपुर पवन कुमार राजपूत एवं उपयंत्री जल संसाधन लहार तनुज जादोन को नियुक्त किया गया है।

## वैक्सीन का रिकॉर्ड

देश ने कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज का आंकड़ा गुरुवार सुबह 9.47 बजे पूरा कर इतिहास रच दिया है। 100 करोड़ डोज पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। यहां मोदी के सामने ही बनारस के दिव्यांग अरुण राय को 100करोड़वां डोज लगाया गया। इस उपलब्धि पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी प्रधानमंत्री मोदी, देश के वैज्ञानिकों, हेल्थवर्कर्स और आम लोगों को बधाई दी है। यहां तक पहुंचना आसान नहीं रहा। कई जटिल परिस्थितियों से जूझते हुए भारत ने 100 करोड़ का लक्ष्य पाया है। साल 2019 के विदा लेने से पहले पूरी दुनिया में अचानक कोरोना वायरस का नाम तेजी से गूंजने लगा। चीन में इसकी चर्चा जितनी तेजी से शुरू हुई, उसकी दोगुनी रफ्तार से पूरी दुनिया में खौफ पसरने लगा। वैज्ञानिकों ने रंग-रूप के आधार पर इसे सबसे पहले कोरोना वायरस कहा और 2019 में मिलने के बाद आधिकारिक नाम कोविड-19 रख दिया। चीन के बाद दुनिया के कई देशों में दस्तक देकर जब यह महामारी भारत पहुंची तो हालात काफी नाजुक थे। उस दौर में देश ने न सिर्फ स्वदेसी वैक्सीन तैयार की, बल्कि आज 100 करोड़ टीके लगाने के कीर्तिमान को भी हासिल कर लिया। देश में टीकाकरण की शुरुआत 16 जनवरी 2021 को हुई थी। उस दौरान दिल्ली एम्स में नजफगढ़ निवासी मनीष कुमार को देश का पहला टीका लगाया गया था। देश में जब कोरोना के टीके लगने की शुरुआत हुई, तब अधिकतर लोग जागरूक नहीं थे। उन्हें कोरोना वैक्सीनेशन के लिए बार-बार समझाना पड़ता था। वहीं, वैक्सीन का उत्पादन भी काफी कम था। इसके चलते शुरुआत में टीकाकरण की रफ्तार बेहद धीमी थी और देश में एक करोड़वें शख्स को टीका 13 फरवरी को लगा था। यानी पहले टीके से एक करोड़वें टीके तक का सफर तय होने में 27 दिन लग गए थे। फरवरी 2021 तक टीकाकरण की रफ्तार उम्मीद के मुताबिक नहीं थी। उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मार्च 2021 को दिल्ली एम्स पहुंचे और कोरोना के टीके की पहली डोज लगवाई। माना जाता है कि इस कदम से पीएम मोदी का प्रयास लोगों को जागरूक करने का था, जिसका असर टीकाकरण अभियान पर नजर आया और देश में 10 करोड़वां टीका 10 अप्रैल को लगाया गया। इस तरह देश ने एक करोड़वें टीके से 10 करोड़वें टीके का सफर महज 57 दिन में पूरा कर लिया था। देश ने 10 करोड़ टीके लगाने का फासला तो महज 57 दिन में तय किया, लेकिन इसके बाद 25 करोड़ टीकों का माइलस्टोन छूने में 68 दिन लगा दिए। दरअसल, देश में 25 करोड़वां टीका 18 जून 2021 को लगाया गया। इसके पीछे टीकों की कमी और राजनीतिक बयानबाजी काफी हद तक जिम्मेदार साबित हुए। इसके अलावा एक बात यह भी सामने आई थी कि कोरोना के घटते मामलों के चलते लोगों ने टीकाकरण पर ध्यान देना छोड़ दिया था। ऐसे में लोगों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा था। कोरोना की दूसरी लहर ने दस्तक दी तो लोगों को बचाव के लिए टीका ही एकमात्र विकल्प लगने लगा। ऐसे में अस्पतालों के बाहर टीका लगवाने वालों की लंबी-लंबी कतारें लगने लगीं, जिससे वैक्सीन की कमी की खबरें भी सामने आने लगीं। इसके बावजूद टीका लगवाने वालों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। वे लगातार टीकों का इंतजार करते रहे और अपनी बारी आते ही वैक्सीनेशन कराते रहे। इसके चलते देश ने 25 करोड़वें टीके से 50 करोड़वें टीके तक का सफर महज 54 दिन में ही पूरा कर लिया।डब्ल्यूएचओ से भारतीय वैक्सीन को मान्यता मिलने के बाद लोगों को इसकी अहमियत समझ आने लगी थी।

# कश्मीर में हिंदुओं की टारगेट किलिंग क्यों?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

दक्षिण एशिया में चरमपंथ और अतिवाद को खूब खाद-पानी मिल रहा है। अफगान में तालिबानी संस्करण आने के बाद आतंकवाद को %सेफ्टी ऑक्सीजन% मिल गया है। अफगानिस्तान में तख्तापलट के बाद आतंकवाद के हौसले बुलंद हैं। आतंकवाद पूरी दुनिया का तालिबानीकरण करना चाहता है। कश्मीर घाटी में %हिन्दुओं की टारगेट किलिंग% इसी तरफ इशारा करती है। आतंकवादी संगठन कश्मीर को छोटा तालिबान बनाना चाहते है। हालांकि तालिबानी सरकार ने साफ तौर पर कई बार यह संकेत दिया है कि वह किसी भी देश के अंदरूनी मामले में दखल नहीं करेगा, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ दिखता नहीं है। पाकिस्तान में फैली आतंक की नर्सरी कश्मीर में अल्पसंख्य हिन्दुओं और सिखों का कत्ल तालिबानी संस्कृति की एक तरह से लान्चिंग है।

कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति के बाद हिन्दुओं की हत्याएं बेहद खतरनाक मंसूबो की तरफ इशारा करती हैं।सवाल उठता है कि कश्मीर क्या कभी अपनी रौ में वापस लौटेगा। भारत के लिए यह बड़ा सवाल है। अगर हम पंजाब में आतंकवाद को समूल नष्ट कर सकते हैं तो कश्मीर में क्यों नहीं ? यह हमारी सत्ता और सरकारों के लिए आत्म विश्लेषण का विषय है। हम सर्जिकल स्ट्राइक की घुड़की देकर आतंकवाद से मुकाबला नहीं कर सकते हैं। हमें सियासी नफे-नुकसान को किनारे रख कर कश्मीर पर निर्णायक फैसले और दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाने की जरूरत है। आतंकवाद पर पाकिस्तान को कब तक करते रहेंगे यह जानते हुए भी कि वह अपनी आदत से बाज आने वाला नहीं।

कश्मीर में आतंकवाद की लड़ाई में कब तक हमारे सैनिक शहीद होते रहेंगे। आतंकवाद के मसले को लेकर अगर पाकिस्तान हमारे लिए चुनौती है तो उसके खिलाफ हमें निर्णय लेने की आवश्यकता है। घाटी में आतंकवाद का फन हमें किसी भी तरीके से कुछ चलना होगा जिस तरह हमने पंजाब में कुचला। घाटी में हिंदुओं की हत्या पर कश्मीर के राजनीतिक दल और संगठन चुप्पी साधे हैं। अतिवाद, कश्मीरियत और उसकी संस्कृति एवं सभ्यता को नंगा कर रहा है। आम कश्मीरी आवाम को इसके लिए लामबंद होना पड़ेगा। आम कश्मीरियों के बीच जो आतंकवादी पनाह बनाए हुए हैं उस अड्डे को खत्म करना होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस प्रवक्ता मनीष तिवारी ने एक बेहद अहम सवाल उठाया है। उन्होंने साफ तौर से इशारा किया है कि दक्षिण एशिया में %इस्लामिक एजेंडा% काम कर रहा है। कश्मीर से लेकर बांग्लादेश तक हिंदुओं की हत्या की जा रही है। निश्चित रूप से यह अहम सवाल है। कश्मीर में गैर इस्लामिक धर्म के लोगों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है। आतंकवादी, हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों की हत्याएं क्यों कर रहे हैं। चरमपंथी इस नीति से पूरी दुनिया में इस्लाम और आम कश्मीरी मुसलमानों को खुश करना चाहते हैं। उन्हें संदेश देना चाहते हैं कि हमारी लड़ाई आम कश्मीरी नागरिकों के खिलाफ नहीं, लेकिन हम यहां किसी गैर अल्पसंख्यक समुदायक की दखल बर्दाश्त नहीं कर सकते।

बांग्लादेश में भी नवरात्र के दौरान पूजा पंडालों पर हमले किए गए। हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया। इस्कॉन टेंपल में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। जिस बांग्लादेश को कभी भारत ने पाकिस्तान से अलग कर उसे पाकिस्तान के दमन से आजादी दिलाई आज वहीं भारत के खिलाफ खड़ा दिख रहा है। बांग्लादेश में हिंदू धार्मिक स्थलों और हिंदुओं की हत्या साफ तौर पर जाहिर करती है कि वहां बांग्लादेश भी हिंदुत्व और हिंदुओं के खिलाफ चरमपंथ की जमीन मजबूत हो रही है।

कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यकों पर आतंकी हमले पूर्व नियोजित है। आतंकवादियों के दिमाग में है कि हिंदू अल्पसंख्यकों एवं सिखों की हत्या कर उन्हें बड़ा फायदा होने वाला है। क्योंकि %टारगेट किलिंग्स% से घाटी में एक बार फिर दहशत और भय की वजह से पलायन शुरू हो सकता है। यह पलायन ठीक उसी तरह होगा जिस तरह सालों पूर्व कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ना पड़ा था। कश्मीर में आतंकवाद से निपटना आसान नहीं है। क्योंकि वहां तालिबान और पाकिस्तान का एजेंडा चलता है। आम कश्मीरी जो कश्मीरियत में विश्वास करते हैं उस संस्कृत में रचे बसे हैं वह कत्लेआम नहीं चाहते हैं।

कश्मीर के अलगाववादी संगठन, राजनीतिक दल और राजनेता धारा 370 के खात्मे से खुश नहीं है। क्योंकि उनकी अघोषित आजादी छीन गई है। घाटी में भारतीय फौजों की कदमताल को वे पसंद नहीं करते हैं। खुलेआम पाकिस्तान का समर्थन करते हैं और कश्मीर को भारत से अलग मानते हैं। सुरक्षाबलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती आम कश्मीरियों के बीच रहने वाले आतंकवादी हैं। जब तक कश्मीर का आम नागरिक आतंकवाद के खिलाफ उठ खड़ा नहीं होगा तब तक घाटी से आतंकवाद का सफाया होना मुश्किल है। क्योंकि कश्मीर में पाकिस्तान के साथ दुनिया की अतिवादी ताकतें काम कर रहीं हैं। कश्मीर के जरिए भारत में वह अपना एजेंडा लागू करना चाहती हैं।

कश्मीर घाटी में तीन दशक से आतंकवाद फल फूल रहा है। आतंकवाद के समूल सफाए के लिए भारत की फौज और सरकारों को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। आजतक की एक रिपोर्ट के अनुसार घाटी में अब तक 14000 आम नागरिकों की हत्या हुई है। 5300 से अधिक भारतीय फौज के जवान शहीद हुए हैं। 70,000 से अधिक आतंकी हमले हुए हैं। हमारी सेना ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देते हुए 2500 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। साल 2021 से अब तक 30 कश्मीरी नागरिकों की हत्या हुई है। पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए कश्मीर में इस्लामिक एजेंडा लागू करना चाहता है। वह हिंदुओं व सिखों की हत्या कर कश्मीरीयत को खत्म करना चाहता है।कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति मानती है कि कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास को लेकर अभी बहुत कुछ नहीं हो पा रहा है। कश्मीरी पंडितों को अभी तक सरकारी नौकरी नहीं मिल पाई है। 90 के दशक में सरकारी नौकरियों में कश्मीरी पंडितों का बोलबाला होता था। 60 से 70 फीसदी कश्मीरी पंडित सरकारी नौकरियों में हुआ करते थे।

कश्मीर में आतंकवादी हिंदुओं की शिनाख्त आधार कार्ड से कर रहे हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह में आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित और हिन्दू चिकित्सक बिंद्रु की हत्या कर दिया। जबकि बिंद्रु आम कश्मीरियों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। उन्होंने कभी हिन्दू और मुसलमान में फर्क नहीं किया। वह चुनौतियों को सामाना करते हुए कश्मीर कभी नहीं छोड़ा। प्रवासी मजदूरों की भी हत्या की गई। उस महिला प्रिंसिपल की भी हत्या कर दी गई जिसने एक मुसलमान बच्चे को शिक्षा के लिए गोद लिया था। कश्मीर से अब तक लाखों की संख्या में कश्मीरी पंडित पलायन कर चुके हैं। आज भी वहां 800 से अधिक कश्मीरी हिंदू का परिवार रहता है। एक आंकड़े के अनुसार 1990 से लेकर अब तक 730 से अधिक कश्मीरी पंडितों की हत्या की जा चुकी है। घाटी में सेना और हिंदुओं का कत्लेआम कर सीधे हिंदुत्व को चुनौती देने की कोशिश है। अब वक्त आ गया है जब आतंकवाद पर निर्णायक फैसले की जरूरत है।

## अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया। भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे। एक कृषक को उपदेश सुनने की बड़ी इच्छा हुई लेकिन उसी दिन उसका बैल खो गया था। इसलिए वह महात्मा बुद्ध के चरण छू कर सभा से वापस बैल ढूंढने चला गया। शाम होने पर कृषक बैल ढूंढ़कर वापस लौटा तो देखा कि बुद्ध अब भी सभा को संबोधित कर रहे हैं। भूखा प्यासा किसान फिर से बुद्ध के चरण छूकर प्रवचन सुनने बैठ गया। बुद्ध ने किसान की हालत देखी तो उसे भोजन कराया, फिर उपदेश देना शुरू किया। बुद्ध का यह व्यवहार बताता है कि महात्मा बुद्ध अहंकार पर विजय प्राप्त कर चुके थे। बुद्ध के अंदर अहंकार होता तो किसान पर नाराज होते क्योंकि बैल को ढूंढ़ने के लिए किसान ने बुद्ध के प्रवचन को छोड़ दिया था। शापाङ्ग में अहंकार को नाश का कारण बताया गया है इसलिए मनुष्य को कभी भी किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए।

## पर्यावरण की भयावह समस्या पैदा करता प्लास्टिक कचरा

**योगेश कुमार गोयल**

पर्यावरण के लिए प्लास्टिक पूरी दुनिया में बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। इसीलिए इसका उपयोग सीमित करने और कई प्रकार के प्लास्टिक पर प्रतिबंध की मांग उठती रही है। भारत में भी ऐसी ही मांग निरन्तर होती रही हैं और समय-समय पर इसके लिए अदालतों द्वारा सख्त निर्देश भी जारी किए जाते रहे हैं किन्तु इन निर्देशों की पालना कराने में सख्ती का अभाव सदैव स्पष्ट परिलक्षित होता रहा है। यही कारण है कि लाख प्रयासों के बावजूद प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में सफलता नहीं मिल पा रही है। इसका अनुमान इन आंकड़ों से भी लगाया जा सकता है कि भारत में 1990 में पॉलीथीन की जो खपत करीब बीस हजार टन थी, वह अगले डेढ़ दशकों में ही कई गुना बढ़कर तीन लाख टन से भी ज्यादा हो गई। 10 अगस्त 2017 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के तत्कालीन चेयरपर्सन स्वतंत्र कुमार की अगुवाई वाली बेंच ने अपने एक अहम फैसले में दिल्ली में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाली नॉन बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाते हुए सरकार को एक सप्ताह के भीतर ऐसे प्लास्टिक के सारे भंडार को जब्त करने का आदेश देते हुए कहा था कि दिल्ली में अगर किसी व्यक्ति के पास से प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद होते हैं तो उसे पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 5 हजार रुपये की राशि भरनी होगी। देश के बीस से भी अधिक राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर इसी तरह के नियम लागू हैं लेकिन विड़म्बना ही है कि सख्ती के अभाव में इतना समय बीत जाने के बाद भी दिल्ली तथा देश के अन्य तमाम राज्यों में पॉलीथीन का उपयोग बदस्तूर जारी है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार अगर देश में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग में कमी नहीं आ रही है तो इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ यही है कि इनके उत्पादन, बिक्री और उपयोग को लेकर संबंधित विभागों का रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि हमारी छोटी-बड़ी लापरवाहियों और कचरा प्रबंधन प्रणालियों की खामियों की वजह से पॉलीथीन या अन्य प्लास्टिक कचरा नालियों में भरा रहता है, जो नालियां, ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम को ठप्प कर देता है। यही कचरा अब नदियों के बहाव को अवरूद्ध करने में भी सहायक बनने लगा है, जो अब थोड़ी सी ज्यादा बारिश होते ही जगह-जगह बाढ़ जैसी परिस्थितियां उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से बताया है कि किस प्रकार 1988 और 1998 में बांग्लादेश में आई भयानक बाढ़ का कारण यही प्लास्टिक ही था क्योंकि नालियों या नालों में प्लास्टिक जमा हो जाने से वहां के नाले जाम हो गए थे और इसीलिए इससे सबक लेते हुए बांग्लादेश में 2002 से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आयरलैंड में प्लास्टिक थैलियों के इस्तेमाल पर 90 फीसदी टैक्स लगा दिया गया, जिसके चलते इनका इस्तेमाल बहुत कम हो गया। आस्ट्रेलिया में सरकार की अपील से ही वहां इन थैलियों के इस्तेमाल में 90 फीसदी कमी आई। अफ्रीका महाद्वीप के देश रवांडा में प्लास्टिक बैग बनाने, खरीदने और इस्तेमाल करने पर जुर्माने का प्रावधान है। फ्रांस ने 2002 में प्लास्टिक पर पाबंदी लगाने का अभियान शुरू किया और 2010 में इसे पूरे देश में पूरी तरह से लागू कर दिया गया। न्यूयॉर्क शहर में रिसाइकल नहीं हो सकने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा है। चीन, मलेशिया, वियतनाम, थाईलैंड, इटली इत्यादि देशों ने प्लास्टिक कचरे के आयात पर कई प्रकार के प्रतिबंध लगाए हैं। चीन विश्व का सबसे बड़ा प्लास्टिक कचरा आयातक देश रहा है लेकिन उसने भी कुछ समय पहले 24 श्रेणियों के ठोस प्लास्टिक कचरे के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्लास्टिक पर पाबंदी के लिए चरणबद्ध तरीके से भारत में भी इसी प्रकार के सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। हालांकि वर्ष 2022 तक देश को 'सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत' बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने का निर्णय लिया जा चुका है लेकिन फिलहाल तो भारत न केवल दुनिया के सर्वाधिक प्लास्टिक कचरा आयात करने वाले देशों में शामिल है।

# विवाह पूर्व फिल्मांकन भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों पर कुठाराघात

### सूडोकु नवताल- 5870

✱✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5869 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**विजय कुमार जैन**

प्राचीन वैदिक संस्कृति में व्यक्ति के जीवन में सोलह पवित्र संस्कारों का उल्लेख है। इनमें एक प्रमुख वैवाहिक संस्कार है। युवक युवती के शुभ विवाह से पूर्व ग्रह नक्षत्र एवं जन्म कुण्डली के मिलान का नियम है। हमारी भारतीय परंपरा यह रही है जन्म कुण्डली के मिलान के बाद ही रिश्ते तय होते रहे है। पाणिग्रहण संस्कार या शुभ विवाह जिसके नाम में पहले शुभ शब्द लगा है इसमें अनेक विकृतियों अथवा कुप्रथाओं का समावेश हो गया है। जिनके कारण पवित्र भारतीय संस्कृति अथवा संस्कार कलंकित हो रहे है। वर्तमान में आयोजित होने बाले वैवाहिक कार्यक्रमों का जो स्वरूप हम देख रहे है उससे लगता है पवित्र मांगलिक कार्यक्रम का रूप विकृत हो गया है। मांगलिक कार्यक्रमों में बढ़ रही फूहड़ता से अनेक विघ्न एवं अमंगल हो जाते है।वैवाहिक कार्यक्रमों में वैभव प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा में पैसे की बर्बादी तो होती ही है,जिसकी हैसियत वैभवशाली शादी में जेव से पैसा लुटाने की नही है वह भी अपने प्रति द्वन्द्वी को नीचा दिखाने बाजार से उधार लेकर जोरशोर से शादी कर रहा है।

**शुभ विवाह के आयोजन में जो**

वैभव प्रदर्शन एवं फूहड़ता होती है वह सर्वथा स्वागत योग्य नही है। अभी तक शुभ विवाह उपरांत नवयुगल हनीमून मनाने किसी पर्यटन स्थल या हिल स्टेशन पर जाकर रंगरेलियां मनाते थे। अब इसमें एक और कड़ी जुड़ गई है। नव युगल जिनका शुभ विवाह निकट भविष्य में होना है वे शुभ विवाह से कुछ दिन पूर्व किसी पर्यटन स्थल या ज्यादा सम्पन्न है तो विदेश जाते है। वहाँ कुछ दिन आलीशान होटल में ठहरते है। उनके पल पल की गतिविधियों का फिल्मांकन या वीडियो शूटिंग किया जाता है। इस नई नवेली रश्म का नामकरण प्री वैड़िंग शूट श्रह्म् 2द्गस्त्रस्त्रद्बठ्ठद्द ह्यद्धश्शह्ल दिया गया है। नवयुगल जो विवाह पूर्व रंगरेलियाँ मनाने जाते है उनकी यात्रा लगभग 7 से 10 दिन की होती है। जिस दिन अपने निवास से प्रस्थान कार या हवाई जहाज से करते है उसी क्षण से वीडियो शूटिंग प्रारंभ हो जाती है। जिस होटल में नव युगल एक ही शूट में ठहरते है वहाँ की भी शूटिंग की जाती है। शुभ विवाह के दिन आशीर्वाद समारोह में वैवाहिक स्थल पर बड़ी बड़ी टी व्ही स्क्रीन लगा कर उक्त विवाह पूर्व फिल्मांकन या प्री वैडिंग शूट को आगन्तुक अतिथियों को प्रमुखता से दिखाया जाता है। इस कार्य को देश के धनाड्य उधोगपति सम्पन्न वर्ग द्वारा जोर शोर से प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

**शुभ विवाह जैस मांगलिक कार्य**

को भूल कर आज की आधुनिक एवं पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित युवा पीढ़ी लिव एंड रिलेशनशिप, प्रेम विवाह, अन्तर्जातीय विवाह कर रही है। इन सब कार्यों से समाज का नैतिक पतन हो रहा है। जिन परिवारों में शुभ विवाह हो रहे है उनमें युवक युवती विवाह पूर्व फिल्मांकन या प्री वैडिंग शूट पर परिवार जनों की सहमति से जा रहे है। प्री वैडिंग शूट में नवयुवक के प्रेमालाप, चुंबन, बैडरूम के अश्लील चित्रों का आशीर्वाद समारोह में टी व्ही की बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित कर हम समाज को क्या संदेश देना चाहते है। क्या विवाह पूर्व नवदम्पत्ति को होटल में ठहरकर प्रेमालाप

**अथवा आलींगन करना भारतीय संस्कृति के अनुरूप उचित है?**

दिगम्बर जैन आचार्य विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज का कहना है युवा पीढ़ी सहशिक्षा एवम् परिवार द्वारा उन्हें स्वच्छंदता देने से संस्कारविहीन और पथभ्रष्ट हो रही है। आपका कहना है युवा पीढ़ी को संस्कारविहीन बनाने के लिये अभिभावक सबसे ज्यादा दोषी है अभिभावक अपने लड़के या लड़की को उच्च शिक्षा लेने एवं नौकरी करने उन्हें स्वच्छंद छोड़ देते है। परिवार का नियंत्रण नही होने के कारण युवा पीढ़ी निरंतर पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित होकर स्वंय समाज एवं देश का नैतिक पतन कर रही है। हम मुख्य रूप से विवाह पूर्व फिल्मांकन अथवा प्री वैडिंग शूट की चर्चा कर रहे है।अभी चल रही कुप्रथाओं से यह सबसे घ्रणित एवं समाज को कलंकित करने बाली कुप्रथा अपने पैर पसार रही है। इस प्रथा का जितना विरोध किया जाये उतना अच्छा होगा। मध्यप्रदेश में माहेश्वरी समाज ने प्री वैडिंग शूट पर प्रतिबंध लगाया है। माहेश्वरी समाज का यह निर्णय स्वागत योग्य है। देश में संस्कृति की रक्षा एवं संस्कारों का हनन न हो इसलिये आवश्यक है इसको सभी समाजों को प्राथमिकता से रोकना अति आवश्यक है। कोरोना महामारी के वैश्विक प्रकोप के चलते विवाह पूर्व फिल्मांकन पर विराम लग गया था। अब पुनः फिल्मांकन के लिये होटल एवं रिसॉर्ट बुक होने लगे है।

## आमिर खानः पटाखेबाजी और अजान

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आमिर खान दिवाली पर पटाखेबाजी के विरुद्ध किसी टायर कंपनी की पहल पर टीवी चैनलों पर विज्ञापन दे रहे हैं। उसमें वे देश के करोड़ों लोगों से अनुरोध कर रहे हैं कि दिवाली के मौके पर वे सड़कों पर पटाखेबाजी न करें। अंधाधुंध पटाखेबाजी से सड़कों पर यातायात में तो बाधा पड़ती ही है, प्रदूषण भी फैलता है और विस्फोटों से लोग भी मरते हैं। इसके अलावा पटाखों के नाम पर हम चीनी पटाखा-निर्माताओं की जेबें मोटी करते हैं। आजकल जब फिल्म-अभिनेता लोग चड्डी-बनियान और जूते-चप्पल का विज्ञापन करते हैं तो उन्हें देखकर मुझे शर्म आती है। सिर्फ पैसा कमाने के लिए वे अपनी लोकप्रियता का सौदा करने लगते हैं। मैं तो सिनेमा नहीं के बराबर देखता हूं लेकिन फिर भी आमिर खान को थोड़ा अलग किस्म का अभिनेता मानता हूं। मैं चाहता हूं कि आमिर खान की तरह हमारे सभी अभिनेता और अभिनेत्रियाँ ऐसे विज्ञापनों में भाग लें, जो आम लोगों को समाज-सुधार के लिए प्रेरित करें। इससे अपराध घटेंगे और सरकार का भार भी हल्का होगा। लेकिन आमिर खान ने जो मांग की है, उसे सांप्रदायिक रंग देना उचित नहीं है। कर्नाटक के भाजपा सांसद अनंत हेगड़े की यह मांग भी बिल्कुल उचित है कि मस्जिदों में लाउडस्पीकरों से होनेवाली शोर-शराबेवाली अजान के विरुद्ध भी आवाज उठनी चाहिए। मैं कहता हूं कि जैसे सीएट टायर के हिंदू मालिक ने दीपावली के पटाखों के विरुद्ध पहल की, कोई मुस्लिम सेठ आगे आए और वह चिल्लपों अजान के विरुद्ध पहल करे। स्वयं आमिर खान इसका बीड़ा उठायें। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले से ही अजान के शोर की सीमा बांध रखी है और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगा रखा है। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। वहां पिछले हफ्ते ही कई तरह के प्रतिबंधों की घोषणा हुई है। मैं खुद लगभग 15-20 मुस्लिम देशों में रहा हूं। एकाध जगह को छोड़कर नमाज या अजान के नाम पर मैंने शोर-शराबा कभी नहीं सुना। 52 साल पहले अफगानिस्तान के हेरात शहर में मैंने मिस्त्री कुरान की मधुर आयतें सुनीं तो मैं दंग रह गया। किसी भी धर्मग्रंथ में नहीं लिखा है कि उसके मंत्र या वर्स या आयतें या वाणी आप कानफोड़ू ढंग से पढ़ें। अपना भजन कानफोड़ू ढंग से सुनने पर सामनेवाले के दिल में क्या प्रतिक्रिया होती है, इसका हम ध्यान करते हैं या नहीं ? ईश्वर या अल्लाह अगर सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापक है तो उसे आपके घंटे और घड़ियाल की जरुरत क्यों होनी चाहिए?

# जल्द पूरी करें पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियाँ



## राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने दिये कलेक्टर्स को निर्देश

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सभी तैयारियाँ जल्द पूरी करें। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण पहले चुनाव नहीं कराये जा सके। प्रदेश में कोरोना अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। वैक्सीनेशन का एक डोज़ लगभग सभी लोगों को लग चुका है। अतः अब निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स से चर्चा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि पंचायतों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 3 मार्च को हो चुका है। इसके बाद भी कोई विशेष त्रुटि सामने आती है तो आयोग से अनुमति प्राप्त कर, उनमें सुधार कर सकते हैं। ऐसे मतदान केन्द्र जहाँ 750 से अधिक मतदाता हैं, वहाँ एक अतिरिक्त मतदान कर्मी की नियुक्ति मतदान दल में की जायेगी। एनआईसी कक्ष मुरैना में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल के पाण्डेय उपस्थित थे।

**मतदान केन्द्रों का करायें भौतिक सत्यापन:** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करवायें। इनमें जो भी कमियाँ हों, तत्काल दूर करें। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति जल्द करें। जिला पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन-पत्र जिला मुख्यालय, जनपद पंचायत सदस्यों के ब्लाक मुख्यालय और सरपंच तथा पंच के ब्लाक और क्लस्टर स्तर पर लिये जाएंगे। क्लस्टर का गठन 10-15 पंचायतों का समूह बनाकर किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि मार्च 2022 तक कार्यकाल पूरा करने वाली पंचायतों की रिक्तियों की जानकारी 3 दिन में भेजना सुनिश्चित करें।

**सभी पंचायतों का होगा चुनाव:** श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों, जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है और जिनका मार्च 2022 तक पूरा हो रहा है, का निर्वाचन करवाया जाएगा। मतदान तीन चरणों में होगा। सेक्टर और जोनल अधिकारी की नियुक्ति कर उन्हें निर्वाचन के दौरान विशेष कार्यपालिक दण्डाधिकारी शक्तियाँ देने का प्रस्ताव शीघ्र भेजें।

**संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित करें:** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिले के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रत्येक रिटर्निंग ऑफिसर स्तर पर ऑलिन सुविधा केन्द्र की स्थापना करें। जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के लिए नाम निर्देशन-पत्र ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन भरने का भी प्रावधान किया गया है। ईव्हीएम की हैण्डलिंग बहुत ही सावधानी पूर्वक करें। जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य के लिये मतदान ईव्हीएम से और सरपंच तथा पंच के लिये मतदान मत-पत्र एवं मतपेटी के माध्यम से होगा। पंचायत निर्वाचन के लिए जरूरी सामग्री की खरीदी कर लें। जिला एवं ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था कर लें।

# खाद्य विभाग की टीम ने रूनीपुर मैं पकड़ा मिलावटी दूध



**जौरा।** कलेक्टर बी कार्तिकेय के निर्देश पर दीपावली के त्यौहार को देखते हुए मिलावटखोरों के विरुद्ध छापामार कार्रवाई के दिए गए निर्देश पालन में जौरा में एसडीएम विनोद सिंह, एसडीओपी मानवेंद्र सिंह, नगर निरीक्षक योगेंद्र सिंह के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीम द्वारा रूनी पुर मैं छापामार कार्रवाई करते हुए हजारों रुपयों का मिलावटी दूध एवं सामग्री जप्त कर सैंपलिंग की कार्रवाई करते हुए मिलावटखोरों के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है।

धर्मेंद्र कुमार जैन, अनिल प्रताप सिंह, श्रीमती किरण सिंगर, महेंद्र सिरोहिया आदि कर्मचारियों की टीम ने 22 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 10 रूनीपुर मैं संचालित एक डेयरी पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम को यहां पर दूध में मिलावट करते हुए राकेश त्यागी पुत्र पृथ्वीराज त्यागी मौके पर उपस्थित मिले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र जैन ने बताया कि राकेश त्यागी ने बताया कि या डेयरी दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति मर्यादित से संचालित है, जिसके मालिक मंजेश त्यागी पुत्र राम प्रकाश त्यागी है जो काम से जयपुर गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में डेयरी का समस्त कार्य वह देख रहे हैं। खाद विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही के दौरान विभिन्न टंकियों से लगभग 600 लीटर मिक्स दूध, 16 टीम रिफाइंड पॉम तेल, एक कट्टे में स्किम्ड मिल्क पाउडर, लगभग 7 किलोग्राम सफेद पाउडर, 7 पैक अज्ञात तैलीय पदार्थ, आर एम केमिकल, 38 किलोग्राम की दूध बनाने का घोल एक नीली कट्टी में, 10 लीटर हाइड्रोजन पेराऑक्साइड, 20 किलोग्राम क्रीम, दो क्रीम सेपरेटर मशीन, एक इलेक्ट्रिक राई तेल के 500 खाली टीन, अज्ञात पाउडर सहित अन्य मिलावटी वस्तुओं के सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण सेंगर ने यह भी बताया कि अज्ञात सफेद पाउडर मिलाकर दूध तैयार कर मानव उपयोग विक्रय करते हैं। विक्रेता राकेश त्यागी एवं मंजू त्यागी मिलावटी दूध तैयार कर आमजन के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ कर अनैतिक आर्थिक लाभ कमा कर आमजन से धोखाधड़ी कर रहे थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के आवेदन पर से जौरा थाने में मंजेश त्यागी एवं राकेश त्यागी के विरुद्ध धारा 420, 272, 273 के तहत मामला दर्ज किया है।

# अटल एक्सप्रेस वे : चंबल की भूमि पर पीढ़ियों से काबिज किसानों को अन्यत्र कृषि के लिए भूमि दी जाएः किसान सभा

**मुरैना।** अटल एक्सप्रेस वे के नाम से चंबल के बीहड़ में वर्ष 2013 से हाईवे निर्माण की घोषणाएं लगातार की जा रही है। बर्ष 2018 के चुनाव से पूर्व भी इस हाईवे का शिलान्यास किया गया। अब इस प्रोजेक्ट को भारत माला प्रोजेक्ट फेज1 में जोड़ दिया गया है। एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां सहित सभी जगह भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई जारी है। इस भूमि अधिग्रहण में जिन किसानों के पास मालिकाना स्वत्व है, उन्हें तो जमीन के बदले दुगनी जमीन देने की बात की गई है। लेकिन ऐसे हजारों परिवार हैं जो पीढ़ियों से चंबल वीहड की जमीन पर खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। जिनकी जमीन सरकारी बताकर एक्सप्रेस वे के लिए ली जा रही है। न तो उनका किसी तरह का कब्जा दर्ज किया जा रहा है, और नहीं उन्हें अन्यत्र कहीं कृषि के लिए जमीन आवंटित की जा रही है। यह बात मध्य प्रदेश किसान सभा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कही है। श्री तिवारी ने कहा है कि अटल एक्सप्रेस वे की सीमा के अंतर्गत जिन किसानों की जमीन है, उसे दर्ज किया जाए। सरकारी जमीनों पर जो किसान पीढ़ियों से काबिज होकर काश्तकारी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, उनके भी कब्जे दर्ज किए जाएं। उन्हें भी वीहड में अनंत्र कहीं कृषि के लिए भूमि आवंटित की जाए। एक ओर कोरोना काल में किसानों की और अन्य सभी की हालत खराब हो गई है। दूसरी ओर अटल एक्सप्रेस वे के लिए उन्हें हटा दिया जाएगा और अन्यंत्र कहीं पुनर्वास व रोजगार की व्यवस्था नहीं होने से उनके सामने भुखमरी का संकट पैदा होगा। ऐसी दशा में हजारों परिवार भूखों मरने की स्थिति में आ जाएंगे। किसान नेता अशोक तिवारी ने कहा है कि उन परिवारों को भी पुनर्वास के अंतर्गत अन्यंत्र कृषि भूमि के पट्टे दिए जाएं। चंबल अभ्यारण/ घड़ियाल परियोजना व सड़क के बीच जो गांव विस्थापन में आएंगे, उनके भी पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। अटल एक्सप्रेस वे के दोनों ओर जो औद्योगिक गलियारा निर्मित करने की सरकार की योजना है। उससे बीहड़ के अंतर्गत रहने वाले दलित, पिछड़े, केवट समाज के लोग पूरी तरह से बीहड़ से बाहर कर दिए जाएंगे। जिनकी संख्या लाखों में होगी। उनके पुनर्वास के लिए, आजीविका के लिए जमीन के पट्टे, आवास व रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जवाबदारी प्रदेश सरकार को उठानी चाहिए। प्रदेश व केंद्र सरकार अटल एक्सप्रेस वे बनाकर चंबल के बीहड़ की 3 लाख हेक्टेयर जमीन को औद्योगिक गलियारे के नाम पर कॉरपोरेट को सौंपना चाहती है। किसान सभा का कहना है कि यह जमीन कॉर्पोरेट को नहीं दी जाए, चंबल के बीहड़ में काबिज किसानों को ही दी जाए। किसान सभा की ओर से सरकार को यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि बड़ी संख्या में विस्थापन हुआ तो जनता सड़कों पर उतरेगी।



# कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल, बसपा ने कार्रवाई के लिए दिया ज्ञापन



मुरैना। श्योपुर विधायक बाबू जण्डेल द्वारा भारतीय संविधान को जलाने की बात का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर विधायक जण्डेल के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर विधानसभा सदस्य की सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। विधायक द्वारा गत रोज अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान को जलाने की बात कही गई, जिसे बसपा ने गरीबों, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं सर्व समाज के विरुद्ध बताया है और भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। बहुजन समाज पार्टी ने विधायक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग हेतु जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। उक्त ज्ञापन जिला अध्यक्ष दीपेंद्र बौद्ध के नेतृत्व में बसपा द्वारा दिया गया। इस मौके पर बसपा नेता रामप्रकाश राजोरिया, सोनेराम कुशवाह, विद्याराम कौशल, मनीराम धाकड़, रमेश सिंह कुशवाह, लाल सिंह केवट, बैजनाथ बौद्ध, राजेंद्र कंसाना, विजय सोलंकी, रामहेत मौर्य, प्रमोद यादव आदि उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश जूनियर नेशनल हॉकी टीम में मुरैना से पूनम और अंजली का हुआ चयन

**मुरैना।** मध्यप्रदेश जूनियर नेशनल हॉकी टीम में खेल और युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित हॉकी फीडर सेंटर से मुरैना की 2 बालिकाओं कु. पूनम जयंत और कु. अंजली राठौर का चयन हुआ है। चयनित दोनों बालिका खिलाड़ी 20 अक्टूबर 2021 से प्रारम्भ हो चुकी चैम्पियनषिप, झारखण्ड के स्मिडेगा खिलाड़ी के रूप में मध्यप्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। कु.पूनम जयन्त और कु.अंजली राठौर ने नेशनल हॉकी टीम में चयन का श्रेय अपने गुरू कोच अविनाश राजावत एवं संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह द्वारा समय-समय पर दिए गए प्रशिक्षण एवं अथक प्रयासों का परिणाम बताया है।

# महगांई भत्ता 8 फीसदी, डीए की घोषणा से कर्मचारी नाखुशः कौशल शर्मा

**मुरैना।** एक तरफ म.प्र.सरकार ने राज्य के कर्मचारियों का डीए 8 फीसदी बढाया है।वहीं राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार के बराबर 31 फीसदी डीए अपने राज्य के कर्मचारियों को दे रही है। दो वर्षो में महगांई अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है। पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद्य तेल, अनाज, परिवहन आदि के दाम दुगने से अधिक बढ चुके है, किंतु कर्मचारियों को महगांई भत्ता दो बर्ष पूर्व की महगांई दर से ही दिया जा रहा है। उसके दो वर्ष बाद भी म.प्र.सरकार ने कर्मचारियों के लिए केवल 8 फीसदी डीए की घोषणा की है। ऐसे में कर्मचारीयों में खुशी कम असंतोष ज्यादा है।

म.प्र.शिक्षक काग्रेंस के जिला महामंत्री कौशल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने प्रदेश के कर्मचारियों को 8 फीसदी महगांई भत्ते का झुनझुना थमाकर कर्मचारियों के साथ छलावा किया है। सीएम द्वारा जो 8 प्रतिशत महगांई की घोषणा की गई है। मात्र 3 प्रतिशत ही महगांई भत्ता ही इस सरकार द्वारा दिया जा रहा है। 5 प्रतिशत महगांई भत्ता पूर्व सरकार द्वारा मार्च 2020 में ही लागू कर दिया था किंतु असमय सरकार बदलने से कर्मचारियों के 5 प्रतिशत महगांई भत्ते पर रोक लगा दी गई। सीएम द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को 8 फीसदी महगांई भत्ता और 50 फीसदी वेतनवृद्धि के एरियर की राशि की घोषणा की गई है, जिससे कर्मचारी नाखुश है। संगठन द्वारा लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से केन्द्र के समान महगांई भत्ता त्यौहार के पहले दिये जाने और साथ ही वेतनवृद्धि के एरियर की राशि दिये जाने की मांग सरकार से की जा रही थी, जो आधी अधूरी पूरी हुई है, जिससे कर्मचारियों द्वारा नाराजगी जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को त्यौहार से पहले तोहफे के रुप में महगांई भत्ता 3 फीसदी और बढाकर दिया जा रहा है। अब केन्द्रीय कर्मचारियों का डीए 31 फीसदी हो जाएगा। ऐसे में प्रदेश के कर्मचारियों को सिर्फ 8 फीसदी महगांई भत्ता मिलने से उन्हें सिर्फ 20 फीसदी महगांई भत्ता मिल पा रहा है, जो कि वर्तमान में केन्द्रीय कर्मचारियों से 11 फीसदी कम है। इस कारण कर्मचारियों को जो लाभ मिलना था वो नहीं मिलेगा, जिससे कर्मचारियों के हाथ निराशा लगी है। शासन द्वारा बार-बार यह घोषणा की जाती है कि हमारी सरकार कर्मचारी हितेषी है। हम अगर शासन में है तो कर्मचारियों की बदोलत है किंतु सरकार की कथनी और करनी में काफी अंतर है। सरकार के इस रवैये से कर्मचारियों में काफी असंतोष है। एक स्वर में बोलते हुऐ कर्मचारियों ने कहा म.प्र.शिक्षक कांग्रेस शासन के इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त करती है। सरकार कर्मचारियों के संगठनों से ना बात करना चाहती है और ना ही उनके आर्थिक अधिकारों पर अमल करना चाहती है। कर्मचारियों ने सीएम से मांग की है कि केन्द्रीय कर्मचारियों के समान घोषित तिथियों के अनुसार 31 प्रतिशत महगांई भत्ता दिया जावे।

## क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खां की जयंती मनाई

**कैलारस।** क्रांतकारी अशफाक उल्ला खां की जयंती कैलारस में डॉ शम्मा कुरैशी के क्लीनिक पर मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान अशफाक उल्ला खान के जीवन का परिचय देते हुए बताया कि अशफाक उल्ला खां का जन्म 22 अक्टूबर 1900 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ। अशफाक उल्ला खॉ ने अंग्रेजी शासन में देश को आजाद कराने के लिए फांसी का फंदा चूम कर अपने प्राणों की आहुति देश के लिए दे दी। विदित हो कि काकोरी काण्ड के बाद अशफाक उल्ला खान को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन उन्होंने अंग्रेजों से कभी हार नही मानी।

# सुदामा चरित्र की कथा एवं भंडारे के साथ भागवत कथा विश्राम





**मुरैना।** ग्राम नूरपुर सुमावली में इन दिनों श्रीमद भागवत महापुराण की कथा आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन श्रीमद वल्लभाचार्य षष्ठम पीठ मथुरा के कृपापात्र शिष्य पं कान्हाजी महाराज सुसानी वालों द्वारा किया जा रहा है। कथा के सातवे व अंतिम दिवस सुदामा चरित्र की कथा को सविस्तार सुनाया गया साथ ही वृज की होली का मनोहर दर्शन भी कथा मे कराया गया। कथा विराम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी गृहण की। श्रीमद भागवत महापुराण की कथा का यह भव्य आयोजन सोबरन सिंह यादव (गांधी) के द्वारा करवाया गया। विदित हो कि इस भव्य कथा में 27 वर्ष के आयु में 129 वी कथा का वाचन करने वाले कथावाचक प. कान्हाजी महाराज द्वारा कथा का वाचन किया गया। कान्हा जी महाराज के श्री मुख से कथा सुनने के लिए श्रोता लालायित नजर आए। कथा आरम्भ होने के बाद प्रतिदिन श्रोताओं की संख्या बढती ही गई। गत सात दिन नूरपुर में श्रद्धा का सैलाब देखने लायक था।

# निगम कमिश्नर की हिटलर शाही से गरीब ठेले वालों का व्यवसाय चौपट

## हाथ ठेला व्यवसाय संघ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन, पूर्व के स्थानों पर लगाने की मांगी अनुमति



**मुरैना।** नगर निगम कमिश्नर कि हिटलरशाही के कारण गरीब हाथ ठेला व्यवसाई परेशान है और 5 दिन से उनका धंधा चौपट हो गया है। निगम कमिश्नर द्वारा चाट के हाथ ठेले को अग्रसेन पार्क में स्थापित तो कर दिया है, लेकिन सुविधाएं नहीं है। दूसरी ओर ग्राहक भी वहां नहीं पहुंच रहा, जिस कारण त्योहार के समय पर उनका धंधा चौपट हो गया है। पीड़ित ठेले वालों ने पूर्व विधायक बलबीर सिंह डण्डोतिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूर्व के स्थानों पर ठेला लगाने की अनुमति मांगी है।

हाथ ठेला व्यवसाय संघ ने पूर्व विधायक के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि एमएस रोड से नगर निगम के कमिश्नर द्वारा उन्हें हटाकर अग्रसेन पार्क में लगाने को कहा गया है, वहां पर 5 दिन से कोई बिक्री नहीं हो रही है, जिससे गरीब ठेले वालों के परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है और कच्चे माल की लागत का घाटा भी पूरा नहीं हो रहा है। दीपावली के त्यौहार पर रोजगार समाप्त होने से गरीबों के लिए समस्या खड़ी हो गई है। अग्रसेन पार्क में जहां ठेले स्थापित किए गए हैं, वहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, ना ही लाइट की पर्याप्त व्यवस्था है और शौचालय एवं पीने के पानी की कोई भी व्यवस्था नहीं है।

## वन-टू-वन

### महर्षि बाल्मीकि जयंती पर कोरोना काल में अस्पताल में महत्वपूर्ण सेवाएं दी ऐसे बाल्मीकि समाज के भाई बहनों को सम्मानित किया गया



**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत ग्वालियर द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जिन्होंने करोना काल में अस्पताल में महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं ऐसे बाल्मीकि समाज के भाइयों और बहनों को सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले भाइयों में श्री प्रमोद जी श्री ओम प्रकाश जी श्री सुरेश जी श्री दिनेश जी श्री महिपाल जी एवं बहनों में श्रीमती मीरा बाई श्रीमती राधाबाई इत्यादि लोगों का सम्मान किया गया इस कार्यक्रम की रूपरेखा भी श्री देवेश थापक महानगर प्रचार प्रमुख एवं महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश श्री नितिन निखरा और सामाजिक समरसता पर उद्बोधन श्री राघवेंद्र जी एवं आभार डॉक्टर नवीन दुबे जी द्वारा किया गया इसमें स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर महानगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे अंत में सभी को मिठाई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### नवयुवक मंडल ने गांव में सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पाली ।** रोहट उपखण्ड के निकटवर्ती रामपुरा ग्राम में नेहरू युवा केन्द्र पाली एवं नवयुवक मंडल रामपुरा के संयुक्त तत्वावधान में भेरुजी मन्दिर प्रांगण



और आस पास के स्थानों पर शुक्रवार को स्वस्थ भारत के तहत सफाई का कार्यक्रम रखा गया। दौरान इस दौरान वार्ड पंच धनाराम लोहार ने युवा मंडल रामपुरा को स्वस्थता सम्बंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सैन अध्यक्ष नवयुवक मंडल, प्रकाश मेगवाल, अजय पटेल चन्द्रप्रकाश, श्रवण सैन , सुमेर साटिया मनीष सैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### राम पुरा पुलिस पर लगा आरोप रात मे शीशम के पेड़ कटवाने का आरोप

**पुष्पांजली टुडे**

**उरई ।** राम पुरा पुलिस की मिली भगत से रात मे पेड़ कट बने का मामला आया फ़ार्यादि राम पुरा निवासी अशोक कुमार ने पुलिस आदिकचक को ज्ञापन दिया अशोक कुमार ने जानकारी दी कहा की मेरे खेत पर लगे पेड़ राम पूरा की एक आरा मशीन पर मिले आरा मशीन के मालिक ने बताया की इस लकड़ी को राम पुरा पुलिस की है ये घटना 2 अक्टुबर की है अशोक कुमार की घटा सख्या 237,189,176श्चह्न लगे थे मोजा राम पुरा

### जनसामान्य द्वारा कन्ट्रोलरूम नम्बरों पर सूचना दी जाए

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जनपद में ब?ते डेंगू, बुखार को दृष्टिगत रखते हुए जनसामान्य को बेहतर सुविधाए प्रदान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय पर संचालित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर को और अधिक सक्रिय किया जाए। डेंगू, बुखार को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ सफाई, फॉगिंग, एण्टी लारवा छि?काव के संबंध में कन्ट्रोलरूम द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाए। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को डेंगू, बुखार आदि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो कन्ट्रोलरूम नम्बरों पर सूचना दें। कन्ट्रोलरूम नम्बरों पर सूचना देने के उपरान्त संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराए जाने में कोई कसर नहीं छो?ी जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 उमेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर डेंगू, बुखार से संबंधित समस्त आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके साथ ही समस्त चिकित्सक अपने कक्ष में बैठकर में मरीजों की देखभाल करें। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों पर भी विशेष रूप से फोकस किया जाए। उनकी बेहतर काउंसलिंग की जाए जिससे कि वे आवश्यक दवाएं लेकर ठीक हो सकें।

जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य, साफ सफाई, फॉगिंग आदि कोई समस्या है तो वह कंट्रोल रूम नम्बर 05742234320, 234327, 233174 पर सम्पर्क स्थापित कर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा भी अपने क्षेत्र में क?ी नजर रखते हुए डेंगू, बुखार सहित अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में सूचना तत्काल कन्ट्रोलरूम पर दी जाए। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोलरूम 24 घण्टे क्रियाशील है, तीन सिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

# हमारो लल्ला कालिया नांग को नथैया-राधाकृष्ण दास जी महाराज





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार ।** मां सिद्धेश्वरी के दरबार में समस्त मुहल्ले बासियों के सानिध्य में चल रही कथा में भगवताचार्य राधाकृष्णदास जी महाराज ने भगवान के बाल चरित्र का सुंदर चित्रण कर बाल भगवान के द्वारा कई राक्षसों के उद्धार की कथा सुनाई ओर बताया कि बाल भगवान ने कालिया नाग से युद्ध कर उसे नाथने की सुंदर कथा सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि कलियुग के प्रभाव का समन करती है श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश हो जाता है।

**कर्म प्रधान विश्व रच राखा, जो जस करिहें सो तस फल चाखा:** श्रीमद भागवत कथा में महाराज जी ने बताया कि भगवान ने इंद्र के घमंड को तो?कर भगवान गोवर्धन महाराज की कथा सुनाई आगे महाराज जी ने बताया कि धुंधकारी अति दुष्ट था उसका पिता आत्मदेव भी उसके उत्पातों से दुखी होकर वन में चला गया था।

धुंधुकारी वेश्याओं के साथ रहकर भोगों में डूब गया और एक दिन उन्हीं के द्वारा मार डाला गया। अपने कुकर्मों के फलस्वरूप वह प्रेत बन गया और भूख प्यास से व्याकुल रहने लगा। एक दिन व्याकुल धुंधुकारी अपने भाई गोकर्ण के पास पहुंचा और संकेत रूप में अपनी व्यथा सुनाकर उससे सहायता की याचना की। गोकर्ण धुंधुकारी के दुष्कर्मों को पहले से ही जानते थे, इसलिए धुंधुकारी की मुक्ति के लिए गया श्राद्ध पहले ही कर चुके थे। लेकिन इस समय प्रेत रूप में धुंधुकारी को पाकर गया श्राद्ध की निष्फलता देख उन्होंने पुनः विचार विमर्श किया। अंत में स्वयं सूर्य नारायण ने गोकर्ण को निर्देश किया कि श्रीमद्भागवत का पारायण कीजिए। उसका श्रवण मनन करने से ही मुक्ति होगी। श्रीमद् भागवत का पारायण हुआ। गोकर्ण वक्ता बने और धुंधुकारी ने वायु रूप होने के कारण एक सात गांठों वाले बांस के भीतर बैठकर कथा का श्रवण मनन किया। सात दिनों में एक-एक करके बांस की सातों गांठे फट गईं। धुंधुकारी भागवत के श्रवण मनन से सात दिनों में सात गांठे फोड़कर, पवित्र होकर, प्रेत योनि से मुक्त होकर भगवान के वैकुण्ठ धाम में चला गया एवं राधे-राधे के उद्घोष से माहौल भक्ति के रस में डूब गया।।

# शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में चल रहे घटिया निर्माण कार्य के लिये अभाविप ने दिया ज्ञापन



**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेहगांव के कार्यकर्ताओं के द्वारा शासकीय महाविद्यालय में चल रहे 3 करो? 14 लाख रुपये के निर्माण कार्य के संबंध में शिकायत की है। अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन भदौरिया ने ज्ञापन में कहा है कि हाउसिंग बोर्ड के ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे काम की गुणवत्ता नही है और घटिया व निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल का भी जब निर्माण कराया गया तो उस दौरान न ही उसकी तलाई की गई और न ही पिलर की मजबूती दी गई।

अभी वर्तमान में खस्ता ईंटों व घटिया सरिये का प्रयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर प्राचार्य के माध्यम से हाउसिंग बोर्ड विभाग को भी जांच हेतु ज्ञापन दिया है। उक्त ज्ञापन पर कार्यवाही नही की गई तो अभाविप आंदोलन कर इस घटिया निर्माण कार्य का विरोध करेगी।

ज्ञापन के दौरान अवनीश त्यागी, पुष्पेंद्र गुर्जर, संतोष गुर्जर, प्रशान्त शर्मा, नित्यम तिवारी, ऋषभ भदौरिया, अजय राठौर, विपिन बघेल, उदय भदौरिया,दुष्यन्त त्यागी,अंकित पुरोहित,शिवा कांकर,प्रमुख गुर्जर,रामू राजावात आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छतरपुर नौगांव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदोरिया का सेवड़ा आगमन पर श्यामू ठाकुर ने किया जोरदार स्वागत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर नौगांव विपिन सिंह भदोरिया का संकुआ धाम सनक सनंदन सनातन सनत कुमार की तपोभूमि में आगमन पर समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने जोरदार स्वागत किया आपको बता दें कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छतरपुर नौगांव विपिन सिंह भदोरिया सेवड़ा गोस्वामी मोहल्ला श्यामू ठाकुर के निज निवास पर पहुंचे और श्यामू ठाकुर से मुलाकात की इस अवसर पर समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का फूल माला शॉल श्रीफल से सम्मानित किया वहीं उनके साथ आए उनके पुत्र का भी उन्होंने जोरदार स्वागत से सम्मान किया इस अवसर पर उनके साथ मानवेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहे वही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने श्यामू ठाकुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने समाज सेवा लगन मेहनत से करते हुए समाज में एक अलग ही स्थान प्राप्त कर लिया है और वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो निस्वार्थ समाज सेवा में लगे हुए हैं उनकी मंत्री नेता जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी सभी प्रशंसा करते हैं उन्होंने समाजसेवी श्यामू ठाकुर को आशीर्वाद भी दिया। श्यामू ठाकुर ने इस अवसर पर छतरपुर नौगांव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का आभार व्यक्त किया।

### अम्बाह में आज करवा चौथ व्रत की खरीदी को लेकर महिलाओं का उमड़ा सैलाब

**लोकेशन अम्बाह मुरैना**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह** 24 अक्टूबर को आने वाला त्योहार करवाचौथ व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती है इसके लिए अम्बाह में सदर गंज बाजार मे जमकर भी? रही ज्यादा तरह भी? सा?ी विक्रेता एवं सोने चांदी की दुकानों पर रही अम्बाह के बाजार में करीबन 20 किलोमीटर दूर से महिलाएं खरीद करने के लिए आ रही हैं अब बात करे प्रसाशन की तो व्यवस्था के नाम पर कुछ नही नगर पालिका सी एम ओ के द्वारा नगर पालिका चौराहा जिस पर सहकारी बैंक सिविल अस्पताल और नगर पालिका इन तीनो का एक ही चौराहा होते हुए भी यहां नगर पालिका के द्वारा रोड पर हाथ ठेला विक्रेता को रोड के दोनो तरफ लगवा दिया जाता हैं ऐसी स्थिति में लोगो आने जाने मैं परेशानी होती हैं जबकि सी एम ओ साहब के द्वारा इस व्यवस्था की और कोई ध्यान नही दिया जाता इससे साफ जाहिर होता हैं अम्बाह नगर पालिका गूंगी और बहरी हैं अपने दायित्वों को न जाने किस दवाब के चलते सही तरीके से पालन नही कर रही हैं।

# युवा आत्मनिर्भर बनें, स्वयं का उद्यम स्थापित कर दूसरों को भी रोजगार देवें: राज्यपाल

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***
**9826576206**




**इंदौर।** राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि विश्व विद्यालयों की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता का सामर्थ्य, संस्कार और शिक्षा दें। ऐसी कार्य संस्कृति बनाऐं जिसमें नवाचार और अनुकूलन की मान्यताएं हो। विश्वविद्यालय में अनुपालन और व्यवहारिक क्रियान्वयन दिखाई दे। उन्होंने कहा कि युवा आत्मनिर्भर बनें, स्वयं का उद्यम स्थापित करें, स्वयं के साथ ही दूसरो को भी रोजगार दें। राज्यपाल मंगू भाई पटेल इंदौर में आयोजित सेज विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह, सेज विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इं.जी. संजीव अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा उपाधियां प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. सुधीर मिश्रा तथा शिक्षा विस्तार के क्षेत्र में कार्य करने वाले श्री जयनारायण चौकसे को डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, ऐसे वक्त जरूरी है कि युवा दुनिया भर में हो रहे बदलावों के प्रति संवेदनशील हो। इसके लिए जरूरी है कि युवा वर्ग हर दिन ज्ञान सम्पन्न बने। उन्होंने कहा कि युवाओं को हर दिन अपना बेहतर संस्करण तैयार करने के लिए लक्ष्य बनाकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग के कल्याण में अपनी शिक्षा की उपयोगिता को सार्थक कर राष्ट्र, समाज के विकास और कल्याण मंव योगदान देवें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने युवाओं के हौसलों को अनंत ऊँचाई छूने का अवसर दिया है।

# डेंगू को मौसमी बीमारियां बताकर स्वास्थ्य विभाग ने पल्ला झाड़ा

**निजी अस्पतालों की जांच रिपोर्ट मानने को तैयार नही विभाग**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में डेंगू मरीजों की संख्या 500 के पार पहुंच गई है। मगर स्वास्थ्य विभाग डेंगू बुखार को मौसमी बीमारियां बताकर पल्ला झाड़ रहा है। निजी अस्पताल में इलाज करा रहे डेंगू मरीजों की जांच रिपोर्ट नकारने के कारण स्वास्थ्य विभाग के डेंगू संबंधित सरकारी आंकड़ों व जमीनी हकीकत में बहुत बड़ा अंतर है।

शहर के हर दूसरे घर में कोई न कोई सदस्य बीमार है, बल्कि कहीं-कहीं तो पूरा परिवार चपेट में चल रहा है। निजी अस्पतालों में भर्ती कई मरीजों में सारे लक्षण डेंगू बुखार के हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग इन्हें डेंगू के मरीज मानने को सिर्फ इसलिए तैयार नहीं है, क्योंकि मरीज के परिजन इनका इलाज निजी डाक्टर या प्राइवेट अस्पतालों में करवा रहे हैं।

**ग्राउंड रिपोर्ट व सरकारी आंकड़ों में अंतर का मुख्य कारण:** ग्राउंड रिपोर्ट यानी जमीनी हकीकत व सरकारी आंकड़ों में अंतर के मुख्य दो कारण हैं। पहला कारण यह कि स्वास्थ्य विभाग का निजी अस्पताल वालों पर कोई नियंत्रण नहीं है। अधिकांश निजी अस्पताल वाले स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन नहीं करते, न डेंगू मरीज संबंधित कोई जानकारी साझा करते हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निजी अस्पताल में जाकर हकीकत जांचने की हिम्मत नहीं होती। कई बार विभाग के कुछ दबंग अफसरों ने कोशिश की तो राजनीतिक दबाव के चलते उन्हें नाकाम कर दिया गया। दूसरा प्रमुख कारण यह कि डेंगू की जांच रिपोर्ट को लेकर शासन की गाइड लाइन भी इस मामले में सबसे बड़ा अड़ंगा डालती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी तक डेंगू मरीजों की संख्या 503 ही है, जबकि निजी अस्पताल में भर्ती हर तीसरे-चौथे मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण हैं। निजी अस्पतालों की रैपिड टेस्ट रिपोर्ट भी डेंगू बुखार बताती है, मगर स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन इसे नहीं मानता।

**10 मरीजों को एक महीने में दोबारा हुआ डेंगू:** राजधानी भोपाल में डेंगू मरीजों की संख्या 500 के पार पहुंच गई है। पिछले 24 घंटे में 5 मरीज मिले। वहीं, कुछ दिन के भीतर 10 मरीज ऐसे भी मिले, जिन्हें 1 महीने में दोबारा डेंगू हो गया। डेंगू के ये मरीज शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद समेत अन्य इलाके के हैं। उधर, चिकुनगुनिया के भी 4 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। शहर में पिछले 52 दिनों में डेंगू के 395 नए मरीज मिले हैं। इससे पहले जनवरी से अगस्त 2021 तक सिर्फ 108 डेंगू के मरीज रिपोर्ट हुए थे। इससे यह आंकड़ा 503 पर पहुंच गया है।

**अस्पतालों में लगी भीड़:** मौसम में आए बदलाव के चलते लोगों को बुखार, सर्दी-जुकाम, सिर दर्द, खांसी, मांसपेशियों में दर्द आदि की शिकायतें हो रही हैं। इसलिए अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी हुई है। हमीदिया, जयप्रकाश, काटजू के साथ प्राइवेट हॉस्पिटल में भीड़ है। एहतियातन लोग डेंगू की जांच करवा रहे हैं। जांच रिपोर्ट में डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं।

### पटाखों का अवैध कारोबार करने वालों पर छापेमारी कार्यवाही

**घर में बन रहे थे पटाखे, पुलिस ने छापामार कर डे? लाख की विस्फोटक सामग्री जब्त की**

**उमाकान्त शर्मा संबाददाता**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** दीपावली त्योहार नजदीक आते ही जिले में अवैध आतिशबाजी बनाए जाने का कारोबार शुरू हो गया है। भिंड शहर की कोतवाली पुलिस ने भवानी पुरा इलाके से करीब डे? लाख के पटाखे घर के अंदर से जब्त किए है। इस कारोबार में दो महिला समेत दो पुरुष को आरोपी बनाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की प?ताल में



जुटी हुई है। ष्टस्क्क आनंद राय के मुताबिक भवानीपुरा क्षेत्र में अवैध पटाखे बनाए जाने की सूचना मुखबिर ने दी। मुखबिर की निशानदेही पर पुलिस ने घेराबंदी करके एक घर में छापा मारा। इस घर के अंदर करीब डे? लाख रुपए के पटाखे, सुतली बम समेत तमाम विस्फोट सामग्री मिली। घर के अंदर पटाखे बनाए जाने का कारोबार रूखसाना पत्नी नूर मोहम्मद खां, नूर मोहम्मद खां पुत्र राने खां निवासी भवानीपुरा और रूबी पत्नी इमरान खां, इमरान पुत्र बाते खां निवासी सदर बाजार को आरोपी बनाया है। यह पटाखे का कारोबार बिना परमिशन के घनी बस्ती में बनाया जा रहा था। पुलिस को यहां से तैयार पटाखे, कच्चा माल व भारी मात्रा में पोटाश समेत ज्वलनशील विस्फोटक बरामद हुआ।

## वन-टू-वन

### 100 करोड़ वैक्सीनेशन पर उत्सव मनाया



**भोपाल।** देश में 100 करोड़ वैक्सीनेशन होने के उपलक्ष्य में कोलार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मेरा घर शिविर स्थान में स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी के साथ कोलार सिविल अस्पताल और बैरागढ़ सिविल अस्पताल में रंगोली बनाकर खुशी जाहिर की और रंग बिरंगे गुब्बारों को हवा में उड़ाया एवं स्वास्थ कर्मियों ने कहा कि देश की इस उपलब्धि में सभी का सहयोग है और सहयोग के लिए देश की जनता और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष योगदान रहा है। प्रधानमंत्री के लगातार प्रेरित करने और जनता के सहयोग से स्वास्थ्य कर्मियों ने अथक मेहनत कर इस लक्ष्य को प्राप्त किया है। यह विश्व में अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। एक सौ करोड़ डोज होने पर हम कोरोना से लड़ने के लिए एक कदम और आगे बढ़े हैं।

### मध्यान्ह भोजन पकाने की राशि का अंतरण

**भोपाल।** जिला पंचायत भोपाल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवधि के 36 दिवसों की भोजन पकाने की लागत राशि का हस्तांतरण प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को 25 अक्टूबर 2021 को मिंटो हाल, भोपाल से वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम समस्त जनपद, ग्राम पंचायतों, जनशिक्षा केन्द्रों, संकुल केन्द्रों तथा ग्रामों में आयोजित एवं प्रसारित किया जाएगा। अन्य स्थानों पर सांसद, मंत्री तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि और छात्र -छात्राएं सम्मिलित होंगे तथा मुख्य कार्यक्रम से ऑनलाईन जुड़ेगे। मुख्यमंत्री जी का संबोधन सभी कार्यक्रम स्थलों पर दिखाया एवं सुनाया जाएगा तथा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब बेबकास्ट लिंक द्वारा प्रसारित होगा। सीईओ जिला पंचायत ने जिला शिक्षा अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्त छात्र - छात्राओं को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाईल के माध्यम से एसएमएस एवं अन्य माध्यम से देना सुनिश्चित करें। सभी जनपद पंचायत कार्यालय तथा अन्य संबंधित विभागों को इस कार्यक्रम से कनेक्ट किया जाना सुनिश्चित भी करें। कर्मचारियों, त्रिस्तरीय पंचायतों के सभी अधिकारी, स्कूलों के प्राचार्य एवं आदि को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। सिंगल क्लिक डीबीटी कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। सिंगल क्लिक डीबीटी कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए मास्क लगाना, सेनेटाईजर का उपयोग एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया जाएगा।

### हैती में कुख्यात गिरोह ने फिरौती न देने पर दी मिशनरी समूह के 17 सदस्यों की हत्या की धमकी

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** अमेरिका स्थित एक मिशनरी समूह के 17 सदस्यों का अपहरण करने के आरोपी हैती के एक कुख्यात गिरोह के सरगना ने चेतावनी दी है कि अगर उसकी मांगें नहीं मानी गईं तो बंधकों की हत्या कर दी जाएगी। गिरोह के सरगना विल्सन जोसेफ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा मैं कसम खाता हूं कि अगर मेरी मांग नहीं मानी गई तो मैं इन अमेरिकियों के सिर में गोली मार दूंगा। अधिकारियों ने इस हफ्ते बताया था कि 400 मावोजो गिरोह अपहृत हुए प्रत्येक मिशनरी के लिए 10 लाख डॉलर की फिरौती मांग रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मिशनरी समूह में शामिल पांच बच्चों के लिए भी उसने फिरौती मांगी है। गौरतलब है कि हैती के एक चालक के साथ ही अमेरिका के 16 और कनाडा के एक नागरिक का शनिवार को उस समय अपहरण किया गया था जब वह एक अनाथालय गए थे। जोसेफ ने हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी और हैती के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख को भी धमकी दी। बाद में हेनरी के कार्यालय ने बताया कि लियोन चार्ल्स ने हैती के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है।

### बांग्लादेश के रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में गोलीबारी से 7 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के कॉक्स बाजार स्थित रोहिंग्याओं के शरणार्थी शिविर में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। समाचार के मुताबिक, ये हमला रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में स्थित मदरसे में हुआ। सुबह करीब 4 बजे उखिया में कैंप नंबर 18 के ब्लॉक एच-52 में मदरसे पर अज्ञात हमलावरों ने हमला किया। पहले इस हमले को दो प्रतिद्वंद्वी रोहिंग्या ग्रुप्स में संघर्ष बताया गया। फायरिंग में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 3 लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में दुनिया का सबसे बड़ा रोहिंग्या रिफ्यूजी कैंप है। यहां करीब 10 लाख रोहिंग्या रहते हैं। म्यांमार की सेना की बर्बरता का शिकार होकर 2017 में समुदाय के लाखों लोग जान बचाकर बांग्लादेश पहुंचे थे। अधिकांश रोहिंग्या मुसलमानों ने कॉक्स बाजार कैंप में शरण ली है और इसे दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर कहा जाता है। बांग्लादेश को उम्मीद थी कि म्यांमार में हालात सुधरने के बाद ये वापस लौट जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब रोहिंग्या मुसलमानों को कॉक्स बाजार से भाषणचार द्वीप पर शिफ्ट किया जा रहा है। कॉक्स बाजार से यहां करीब 1 लाख लोगों को लाए जाने की योजना है। 2016-17 संकट से पहले म्यांमार में करीब 8 लाख रोहिंग्या लोग रहते थे। यह लोग इस देश की सरज़मीन पर सदियों से रहते आए हैं, लेकिन बर्मा (म्यांमार का पुराना नाम) के बौद्ध लोग और वहां की सरकार इन लोगों को अपना नागरिक नहीं मानते। यहां रोहिंग्याओं को अत्याचार और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में रोहिंग्या लोग बांग्लादेश और थाईलैंड की सरहदों पर स्थित शरणार्थी कैंपों में अमानवीय हालातों में रहने को मजबूर हैं।

# महिला स्व.सहायता समूहों के उत्पाद सोन चिरैया ब्रांड से पहचाने जायेंगे

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने ÷सोन चिरैया आजीविका उत्सव 2021÷ का किया शुभारंभ

भोपाल(ईएमएस)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने प्रदेश की महिलाओं को आत्म निर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के दृष्टिगत दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित प्रदेश स्तरीय सोन चिरैया आजीविका उत्सव 2021 का शुभारंभ भोपाल के शिवाजी नगर स्थित महिला हॉट बाजार में किया। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्व.सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों का अभी कोई ब्रांड नहीं है इनके उत्पादों को सोन चिरैया ब्रांड के नाम से पहचाना जायेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में हॉट बाजार बनाए जायेंगे और भोपाल के शिवाजी नगर स्थित इस महिला हॉट बाजार में प्रदेश के सभी जिलों के महिला स्व.सहायता समूहों को अपने उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय की सुविधा दी जाएगी और यह स्थान हॉट बाजार के लिए आरक्षित रहेगा। उत्सव के शुभारंभ अवसर पर नगर निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के अलावा पूर्व निगम परिषद



अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान, जिला भाजपा अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक व नगरीय विकास व नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश तथा नगर निगम भोपाल द्वारा दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित ÷सोन चिरैया आजीविका उत्सव 2021÷ का शुभारंभ शुक्रवार को शिवाजी नगर स्थित महिला हॉट बाजार में किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा देश को आत्म निर्भर बनाने का संकल्प लिया गया है और यह उत्सव उसी दिशा में एक कदम है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की बहनों को आत्म निर्भर बनाने के लिए अधिक से अधिक स्व.सहायता समूहों का गठन किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि अभी प्रदेश के नगरीय निकायों में 35 हजार स्व.सहायता समूह है जिनमें लगभग 03 लाख 50 हजार महिलाएं जुड़ी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने राज्य स्तरीय आजीविका उत्सव में प्रदेश की 24 नगरीय निकायों की महिला स्व.सहायता समूहों की सदस्यों द्वारा सजावटी सामान, जरदोजी, आर्गेनिक, जूट आदि के उत्पाद तथा ज्वेलरी, अगरबत्ती, अचार, पापड़, बड़ी, मसाले, खिलौने व अन्य गिट आईटम्स आदि की प्रदर्शनी एवं विक्रय हेतु लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और स्टॉल संचालक महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय उत्सव में महिला स्व.सहायता समूहों द्वारा जो सामग्री रखी गई है वह गुणवत्तापूर्ण और कम कीमत वाली है।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने सोन चिरैया आजीविका उत्सव 2021 के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी और कहा कि इस हॉट बाजार में पूरे प्रदेश की महिलाएं अपने उत्पाद लाकर प्रदर्शित व बेच सकेंगी।

### रिटेल के क्षेत्र में करवां चौथ पर महिलाओं के लिए संस्कार हैम्पर

**भोपाल।** एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत भोपाल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका सुनिश्चित करने और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करने की दिशा में कलेक्टर भोपाल अविनाश लवानिया ने संस्कार हैम्पर और कचरे से बनाए गए कंचन गिफ्ट हैम्पर का स्व सहायता समूह की दीदी से ही विमोचन करवाया । एस.एच.जी. की महिलाओं द्वारा आगामी करवा चौथ पर्व को ध्यान में रखते हुए ÷संस्कार%% नाम से गिफ्ट हैम्पर तैयार किया गया है, जिसमें समूह की बहनों द्वारा जरी वर्क साड़ी तथा हस्त निर्मित ज्वैलरी के साथ-साथ समस्त आवश्यक सौंदर्य सामग्रियों को सम्मिलित किया गया है । विमोचन कार्यक्रम में आज समूह की महिलाओं के प्रयासों को एक शार्ट फ़िल्म के माध्यम से

# डेंगू और मलेरियारोधी अभियान के लिए अमले को और सतर्क किया गया

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रभाकर तिवारी के निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अखिलेश दुबे के नेतृत्व में अनमोल ऐप प्रशिक्षण के दौरान वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया एवं एम्बेड टीम ने संयुक्त रूप से डेंगू एवं मलेरिया हेतु प्रशिक्षण दिया, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने सभी एएनएम से कहा कि आपके क्षेत्र में निकलने वाले डेंगू एवं मलेरिया केस की जानकारी आपको अवश्य हो, आशा का लक्ष्य अलग है एएनएम का लक्ष्य अलग है अतः स्लाइड से व किट से दोनों की जाँच अलग-अलग हो।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अखिलेश दुबे ने कहा कि सभी को अपने लक्ष्य के अनुसार कार्य करना है, हर माह कुल जनसंख्या का एक प्रतिशत जांच अवश्य होना चाहिए। डेंगू एव मलेरिया नियंत्रण हेतु सभी अपने- अपने क्षेत्र में भ्रमण करें। जिला शहरी टीकाकरण अधिकारी डॉ. उपेंद्र दुबे ने सभी एएनएम से अपने-अपने क्षेत्र में हुई मलेरिया की जांचों से संबंधित जानकारी की चर्चा की एवं नियमित जांच के लिए निर्देशित किया। जिला समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव ने कहा कि टीकाकरण दिवस के दिन सभी गर्भवती महिलाओं की मलेरिया की जांच बहुत आवश्यक है जो कि खुद को व अपने शिशु को आवश्यक है। जिला मलेरिया सलाहकार श्रीमती रुचि सिलाकारी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि अभी तक कुछ एएनएम की नियमित रूप से जांचे आ रही है बाकी की नहीं अतः सभी लोग नियमित जांच भेजे एवं प्रारूप एम-2 के अनुसार रिपोर्ट एकत्रित कर कार्यालय में जमा कराए।

### डेंगू - लार्वा और मलेरिया सर्वे

**भोपाल।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों, अति संवेदनशील क्षेत्रों, स्लम एरिया और अन्य बस्तियों में डेंगू लार्वा, मलेरिया, रैपिड टेस्ट, ब्लड स्लाइड कलेक्शन और कोरोना से बचाव की जानकारी आदि का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दल नियुक्त कर अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल जिले में 346 लोगों की रेपिड टेस्ट से मलेरिया की जाँच की गई। जिनमें भोपाल शहर में 193 और बैरसिया में 68 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए नमूने लिए गए। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के लार्वा के लिए 44 टीमों का दल नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा 1261 घरों का सर्वे कर किया गया और 92 घरों में लार्वा पाया गया। अलग अलग जगहों पर 9 हजार से अधिक बर्तनों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें केवल 107 बर्तनों में लार्वा पाया गया। डेंगू के लार्वा को टेमोफॉस डाल कर नष्ट किया गया।

# उपचुनाव में स्टार प्रचारक डॉ. श्रीमती अर्चना जायसवाल ने झोंकी ताकत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के रैगांव, जोबट और पृथ्वीपुर के अलावा खंडवा संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक डॉ. श्रीमती अर्चना जायसवाल प्रचार के आखिरी दौर में ताबडतोड बैठके, सभा और डोर टू डोर प्रचार कर पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. श्रीमती अर्चना जायसवाल कांग्रेस महासचिव यूपी प्रभारी मै लडकी हू लड सकती हू नारे के साथ महिलाओं के बीच पहुंचेंगी।



श्रीमती जायसवाल के उपचुनाव के दौरे निम्नानुसार है- 23/10/2021= जोबट विधानसभा जिला अलीराजपुर में मुख्य सभा में शामिल, सामाजिक संगठनों की बैठक, कॉग्रेसजन एवं महिला कॉग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेंगी । 25/10/2021= सुबह लोकसभा खंडवा एवं सायं 4 बजे भीकनगांव जिला खरगोन में सभा में शामिल होंगी, सामाजिक संगठनों की बैठक, कॉग्रेसजन एवं महिला कॉग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेंगी । 26/10/2021= लोकसभा खंडवा के बुरहानपुर जिले में मुख्य सभा में शामिल होंगी, सामाजिक संगठनों की बैठक, कॉग्रेस एवं महिला कॉग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेंगी । 27/10/2021= लोकसभा खंडवा के बड़वाह विधानसभा के सनावद में मुख्य सभा में शामिल होंगी, सामाजिक संगठनों की बैठक, कॉग्रेसजन एवं महिला कॉग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेंगी । इसके अलावा श्रीमती जायसवाल उपचुनाव वाले क्षेत्रो में महिलाओँ के बीच में जाकर देश में लगातार बढती महंगाई, पेट्रोल, डीजल, गैस सहित आम उपभोग की वस्तुओं के बढ रहे दामों और महिला अपराधो पर भी बात करेंगी। महिला कांग्रेस चुनवा के अंतिम चरण में अपनी अलग रणनीति बनाकर महिलाओं और ग्रामीणों के बीच अपनी बात को दमदार तरीके से पहुंचायेगी।

## पूर्व अफगान उप-राष्ट्रपति सालेह ने 49 दिन बाद की वापसी, पाकिस्तान को लगाई लताड़

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्व उप राष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने तालिबान की गुलामी स्वीकार करने के इनकार कर दिया था। काबुल पर कब्जे के बाद उन्होंने अफगानिस्तान छोड़ने के बजाय पंजशीर घाटी से तालिबान को चुनौती दी थी। कुछ समय तक वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहे, लेकिन फिर अचानक गायब हो गए थे। अब एक बार फिर सालेह ने 49 दिन बाद ट्विटर पर फिर से दस्तक दी है। उन्होंने अफगानिस्तान पर कब्जे के ढाई महीनों का डेटा साझा करते हुए पाकिस्तान पर करारा वार किया है। सालेह ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया है। उनका इशारा तालिबान और पाकिस्तान की पुरानी दोस्ती की ओर है। सालेह ने लिखा अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के कब्जे के ढाई महीने बाद क्या-क्या बदल चुका है-जीडीपी लगभग 30 फीसदी गिर चुकी है, गरीबी का स्तर 90 फीसदी है, शरिया के नाम पर महिलाओं को गुलाम बनाया जा रहा है, सिविल सेवाएं ठप्प हो चुकी हैं, अभिव्यक्ति की आजादी पर बैन लग चुका है। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान की कूटनीति का केंद्र दोहा बन चुका है, अफगानिस्तान के विदेशी और रक्षा फैसले पाकिस्तान सेना के मुख्यालय में लिए जाते हैं, एनजीओ शासन से ज्यादा शक्तिशाली हो चुके हैं, हक्कानी ने आतंकियों को ट्रेनिंग देकर ऑफिस में बिठा दिया है। सालेह ने कहा अफगानिस्तान इतना बड़ा है कि पाकिस्तान उसे निगल नहीं सकता। यह सिर्फ समय की बात है। आत्मसम्मान और व्यवसायों को समाप्त होने से बचाने के लिए हर पहलू पर प्रतिरोध ही एक रास्ता है। समय के साथ अफगानिस्तान एक बार फिर खड़ा हो उठेगा। कुछ समय पहले अमरुल्लाह सालेह ने काबुल पर तालिबानी कब्जे से पहले की कहानी बयां की थीं। सालेह ने बताया कि कैसे उन्होंने तालिबान के कब्जे के बाद अपनी पत्नी और बेटी की तस्वीर को जला दिया। सालेह ने अपने बॉडीगार्ड से कहा था कि अगर मैं घायल हो जाऊं तो मुझे गोली मार देना।

# उइगुर मुस्लिमों के शोषण और यातना को लेकर 43 देशों ने चीन को लगाई फटकार

**जिनेवा।** चीन के शिनजियांग प्रांत में उइगुर मुसलमानों पर हो रहे शोषण, यातना और अत्याचार को लेकर विश्व के 43 राष्ट्रों ने ड्रैगन को जमकर लताड़ लगाई है। संयुक्त राष्ट्र के बयान के अनुसार, 43 देशों ने चीन से शिनजियांग में मुस्लिम उइगुर समुदाय के प्रति %कानून के शासन का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित करने% का आह्वान किया। हालांकि, बीजिंग ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ कई यूरोपीय और एशियाई सदस्य देशों और अन्य द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा में चीन पर उइगुरों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया, जिसमें यातना, जबरन नसबंदी और जबरन गायब कर देना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस द्वारा पढ़े गए एक संयुक्त बयान में देशों ने कहा कि हम चीन से स्वतंत्र पर्यवेक्षकों के लिए शिनजियांग में तत्काल, सार्थक और मुक्त पहुंच की अनुमति देने का आह्वान करते हैं, जिसमें मानवाधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त और उनका कार्यालय भी शामिल है। हम विशेष रूप से शिनजियांग में उइगर स्वायत्त क्षेत्र की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। बयान में विश्वसनीय रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा गया कि रिपोर्ट राजनीतिक पुनर्शिक्षा शिविरों के एक बड़े नेटवर्क के अस्तित्व की ओर इशारा करता है, जहां एक लाख से अधिक लोगों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है। बीजिंग ने लंबे समय से शिनजियांग में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार के



आरोपों का खंडन किया है, जहां विशेषज्ञों का अनुमान है कि शिविरों में दस लाख से अधिक लोग कैद हैं। संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत झांग जून ने गुरुवार को इन आरोपों को झूठा और चीन को चोट पहुंचाने की साजिश करार दिया। चीनी राजदूत ने कहा कि शिनजियांग को विकास पसंद है और लोग हर दिन खुद को मुक्त कर रहे हैं और लोगों को प्रगति पर गर्व है। एक ओर झांग ने मीडिया को बताया कि चीन इस क्षेत्र में फ्रेंडली यात्रा की मेजबानी करने को तैयार है, मगर वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त द्वारा जांच के लिए सहमत नहीं है। चीन ने वाशिंगटन, पेरिस और लंदन के पा मानवाधिकार का भयानक रिकॉर्ड होने का आरोप लगाया। मीडिया को दिए एक बयान में बीजिंग ने अमेरिका पर मूल अमेरिकियों के खिलाफ अत्याचार का आरोप लगाया और फ्रांस पर अपने पूर्व उपनिवेशों में मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया।

# कोवैक्सिन टीके को आपात स्थिति में इस्तेमाल करने को लेकर डब्ल्यूएचओ 26 अक्टूबर को करेगा बैठक

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि किसी टीके के इस्तेमाल की अनुमति देने के फैसला के लिए टीके का पूरी तरह से मूल्यांकन करने और इसकी सिफारिश करने की प्रक्रिया में कभी-कभी अधिक समय लगता है।लेकिन सबसे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि विश्व को सही सलाह ही दी जाए, ''भले ही इसमें एक या दो सप्ताह अधिक लग जाएं।दरअसल भारत में निर्मित कोविड-19 रोधी 'कोवैक्सिन टीके को आपात स्थिति में इस्तेमाल करने वाले टीकों की सूची में शामिल करने के निर्णय के लंबित होने के बीच डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य आपात स्थिति कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डॉ. माइक रेयान ने यह बात कही।



रेयान से पूछा गया था कि क्या 26 अक्टूबर तक कोवैक्सिन' को टीकों की आपात इस्तेमाल की सूची (ईयूएल) में डालने पर कोई निश्चित उत्तर मिल सकेगा। इसके पहले, डब्ल्यूएचओ की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने ट्वीट में कहा था कि भारत के 'भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोवैक्सिन को आपात स्थिति में इस्तेमाल करने वाले टीकों की सूची में डालने पर विचार करने के लिए डब्ल्यूएचओ में तकनीकी सलाहकार समूह 26 अक्टूबर को एक बैठक करेगा। इस सप्ताह, वैश्विक स्वास्थ्य संगठन ने ट्वीट में कहा था कि वह 'भारत बायोटेक' के टीके 'कौवैक्सिन' के संबंध में अतिरिक्त जानकारी हासिल करने की उम्मीद कर रहा है।

डब्ल्यूएचओ ने ट्वीट किया था, हम जानते हैं कि बहुत से लोग, कोविड-19 के खिलाफ आपात स्थिति में इस्तेमाल किए जाने वाले टीकों की सूची में कोवैक्सीन के शामिल होने के लिए डब्ल्यूएचओ की सिफारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन हम हड़बड़ी में ऐसा नहीं कर सकते हैं, आपात स्थति में उपयोग के लिए किसी उत्पाद की सिफारिश करने से पहले, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए इसका अच्छी तरह से मूल्यांकन करना होगा कि वह सुरक्षित एवं प्रभावी है।'' भारत बायोटेक' नियमित आधार पर डब्ल्यूएचओ को आंकड़े मुहैया करा रहा है और डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों ने इन आंकड़ों की समीक्षा की है और उन्हें अतिरिक्त जानकारी मिलने की भी उम्मीद है।

## चीन ने किया ताइवान पर किया अटैक, तब अमेरिका उसके बचाव में सामने आएगा

**वाशिंगटन।** ताइवान और चीन के बीच चल रहे तनाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि चीन के ताइवान पर हमला करने की स्थिति में अमेरिका ताइवान के बचाव में सामने आएगा। एक बैठक में उन्होंने यह बात कही है। बैठक के दौरान यह पूछने पर कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है,तब क्या अमेरिका ताइवान की रक्षा करेगा? इसका जवाब देकर बाइडेन ने कहा कि हां, हम ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाइडेन के बयान का ताइवान में स्वागत किया गया है। ताइवान राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता जेवियर चांग ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने वास्तविक कार्यों के माध्यम से ताइवान के लिए अपने ठोस समर्थन का प्रदर्शन किया है। बता दें कि चीन से खुद को बचाने के लिए ताइवान अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों को मजबूत करने पर जोर दिया है। जो बाइडेन के बयान के बाद चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका से ताइवान पर सावधानी बरतने को कहा है।ताइवान ने कहा है कि चीन के पास अपने मूल हितों से जुड़े मुद्दों पर समझौता करने के लिए कोई जगह नहीं है। चीन ने एक बार फिर ताइवान को लेकर गुस्सा है। इस गुस्से का कारण ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू का अगले सप्ताह यूरोप दौरे पर स्लोवाकिया जाना है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने ताइवान के विदेश मंत्री के यूरोप दौर को लेकर व्यापक असंतोष जताया है। वांग ने यूरोपीय देशों से द्विपक्षीय संबंधों की राजनीतिक नींव को कमजोर नहीं करने की अपील की है। बता दें कि अक्टूबर महीने में अब तक करीब 200 चीनी लड़ाकू विमान ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे हैं।

## नैनो न्यूज

### संभागीय उपायुक्त सरवटे और संभागीय अध्यक्ष अशोक शर्मा ने एक दूसरे को माल्यार्पण कर किया स्वागत



**ग्वालियर।** आदिम जाति कल्याण विभाग के संभागीय कार्यालय में संभागीय उपायुक्त के पद पर जबलपुर से सरवटे ने हाल ही में आमद दर्ज कराई है। तथा जन जातीय कार्य विभाग जिला ग्वालियर में सहायक आयुक्त के पद पर भोपाल से एम के मालवीय ने आमद दर्ज कराई है । दौनों ही अधिकारीयों का संभागीय अध्यक्ष अशोक शर्मा राष्ट्र निर्माता ने उपायुक्त कार्यालय में साथीयों के साथ पहुंच कर स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय उपायुक्त से भेंट कर संभागीय अध्यक्ष अशोक शर्मा ने महा विद्यालयीन छात्रावासों की भवन संबंधी समस्याओं तथा कर्मचारियों और अधीक्षको के क्रमोन्नति,पदस्थापना और एरियर की किश्तों के भुगतान कराने की बात रखी।

### बांग्लादेश और कशमीर को लेकर विहिप, बजरंग दल ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

**ग्वालियर।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों पर तोडफोड करने, उनकी मारपीट कर घर जलाने और कशमीर में गैर मुस्लिमों की जा रहीं नृसंश हत्याओं के विरोध में बीती रात विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ठाठीपुर के सी ब्लाक मैदान में एक आम सभा का आयोजन किया। सभा के बाद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एक रैली भी निकाली जिसके उपरांत नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश मीणा को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री भरत सिंह परमार ने ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं , सिक्खों की सुरक्षा की जाये। वहीं सभी हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों , मूर्तियों की सुरक्षा बांग्लादेश सरकार करे। इतना ही नहीं बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं को अपनी धार्मिक भावनाओं को संरक्षित करने का पूरा अधिकारी दिया जाये। उन्होंने कहा कि वहीं कशमीर में चल रहे पाक संरक्षित आतंकवादी जहां निर्दोष हिन्दुओं को चुन चुन कर हत्या कर रहे हैं। उसकी कडी निंदा होना चाहिये। उन्होंने कशमीर से पलायन कर रहे हिन्दुओं को वहीं पर सुरक्षित काम करने के लिये उपाय करने को भी कहा। वहीं पाक समर्थित आतंकवादियों को इस मामले में दोषी पाये जाने पर कडी सजा देने की भी मांग की।

### पुलिस ने कट्टा अड़ाकर लूट करने वाले तीन बदमाशों को दबोचा

**ग्वालियर।** डबरा पिछोर रोड़ पर दिनांक कट्टा अड़ाकर लूट किये जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघीएभापुसेद्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबरे तथा एसडीओपी डबरा श्री विवेक कुमार शर्मा को थाना पिछोर पुलिस बल की टीम गठित कर उक्त लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिये। अधिकारियों के निर्देशों के पालन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी पिछोर निरी0 श्री केण्डीण् सिंह कुशवाह को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 23092021 को डबरा पिछोर रोड़ए नहर की पुलिया पर कट्टा अड़ाकर लूट की बारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के एक साथी को ग्राम निमोना थाना थरेट जिला दतिया में देखा गया हैए उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मय थाना बल की टीम के साथ रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर उक्त आरोपी को धरदबोचा।

# बैंकिंग फेयर का आयोजन सोमवार, 25 अक्टूबर को 'चेम्बर भवन' में

### फेयर का उद्घाटन अरविन्द अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, एमपीसीसीआई द्वारा किया जाएगा

**ग्वालियर ।** एमपीसीसीआई द्वारा प्रथम बार बैंकिंग फेयर का आयोजन सोमवार, 25 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक 'चेम्बर भवन' में किया जा रहा है । फेयर का उदघाटन एमपीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल द्वारा किया जाएगा।

एमपीसीसीआई के अध्यक्ष-विजय गोयल ने आज आयोजित पत्रकारवार्ता में अवगत कराया कि 25 अक्टूबर को प्रथम बार 'चेम्बर भवन' में बैंकिंग फेयर का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि बैंकिंग फेयर की आवश्यकता इसलिए महसूस की गई क्योंकि विगत एक-दो वर्ष के अंदर केन्द्र सरकार द्वारा कई बैंकों का आपस में विलय कर दिया गया है और सभी बैंकों द्वारा ऋण व अन्य बैंकिंग सेवाओं की नीति अपने-अपने हिसाब से तैयार की गई है । इसलिए यह आवश्यक हो रहा था कि सभी बैंकों को एक छत के नीचे लाया जाए, जिससे व्यवसाईयों एवं उद्यमियों को इनकी सेवाओं की जानकारी एक ही स्थान पर




उपलब्ध हो सके । मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि इस बैंकिंग फेयर में शामिल होने हेतु कई बैंकों द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है । इनमें प्रमुख रूप से भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, आईडीबीआई बैंक लि., आईसीआईसीआई बैंक, नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, यूको बैंक, केनरा बैंक सहित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया आदि शामिल हैं और इसके साथ ही कई बैंक के अधिकारी इसमें शामिल होने हेतु निरन्तर हमारे सम्पर्क हैं । पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि इस बैंकिंग फेयर में एमपीसीसीआई के सभी सदस्यों को आमंत्रित किए जाने के साथ-साथ जो संस्था के सदस्य नहीं है, वह भी शामिल हो सकते हैं । साथ ही, शहर के आमनागरिक भी फेयर में पधार कर, बैंकों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर, लाभांवित हो सकते हैं ।

पत्रकारवार्ता में संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल सहित वित्त एवं बैंकिंग उपसमिति के सहसंयोजक- आर. के. चौपड़ा सहित सदस्य-अजय चौपड़ा शामिल थे ।

# ट्रेन से कट गई 16 गाय, रेलवे ट्रैक पर मिले टुकड़े

**ग्वालियर।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन से शिवपुरी की ओर सिर्फ 26 किलोमीटर दूर पनिहार रेलवे स्टेशन के आउटर पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब मालगाड़ी यहां से निकल रही थी तभी अचानक ट्रैक पर गायों का झुंड आ गया। गाय ट्रेनों से टकराती गई और कटती चली गईं। ट्रेन के इंजन को भी खतरा था,लेकिन चंद सेकंड में 16 गाय कट गईं, जबकि 3 घायल हो गई हैं। घटना खबर मिलते ही आसपास के गांव के काफी लोग वहां एकत्रित हो गए। RPF का अमला भी वहां पहुंच गया। RPF के अमले ने गांव के लोगों की मदद से ट्रैक से गायों को हटवाया। साथ ही वह पता कर रहे हैं कि गाय किसकी थीं। जिससे उन पर मामला दर्ज किया जा सके।



ग्वालियर से शिवपुरी, गुना व इंदौर जाने वाली रेलवे लाइन पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया है। यहां ट्रेन के सामने अचानक डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाय आ गईं। यह हादसा पनिहार रेलवे स्टेशन से पहले कुछ रेलवे लाइन पर हुआ है। जब ट्रेन गुजर रही थी तभी अचानक यह गाय ट्रैक पर चरते हुए सामने आ गई थीं। ट्रेन चालक ने गायों को भगाने के लिए हार्न भी दिया, लेकिन हार्न की आवाज से काफी सारी गाय जो कि रेलवे ट्रैक पर आ चुकी थीं, कुछ ट्रैक पर ही दौड़ लगाने लगीं। उन्हें लगा कि वह ट्रेन से आगे दौड़ते हुए निकल जाएंगी। ट्रेन की स्पीड़ तेज थी, इसके चलते यह गाय रेल की चपेट में आ गईं। रेल के पहियों के नीचे आने से 10 गाय कट गईं, जबकि 6 गाय ट्रेन की टक्कर लगने से पटरी से नीचे गिरकर मर गईं।

### दीपावली की शॉपिंग करने आई थी 13 साल की स्टूडेंट, बदमाश बोले- किसी से कुछ कहा तो मार देंगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर के गोला का मंदिर इलाके में 13 साल की बच्ची के दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गुरुवार शाम को आरोपी ने अपने एक साथी और महिला की मदद वारदात को अंजाम दिया। आरोपी महिला बच्ची की जानने वाली है। पीड़ित की मां ने गोला का मंदिर थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।



**कोल्ड ड्रिंक पिलाकर सुनसान इलाके में ले गई महिला:** पीड़ित 8वीं की छात्रा है। वह अपने दादा-दादी के साथ भिंड के मालनपुर में रहती है। ग्वालियर के गोला का मंदिर में उसकी मां अन्य बच्चों की साथ किराए से रहती हैं। गुरुवार को ग्वालियर के घर की मकान मालकिन आंटी मालनपुर उसके घर पहुंची थीं। आंटी ने उसे बताया था कि मम्मी का फोन आया है और कपड़े खरीदने के लिए ग्वालियर बुला रही हैं। शाम करीब 4 बजे छात्रा आंटी के साथ ग्वालियर आ गई। फिर आंटी कुछ काम से कहीं चली गई और छात्रा से कह गई थीं कि यही रुकना मम्मी तुमकों यहीं से ले जाएंगी।

**मां का इंतजार कर रही थी बच्ची:** छात्रा गोला का मंदिर पर सब्जी के ठेलों के पास में बैठी रही। यहीं थोड़ी देर बाद रेशमा आंटी आई, जो भिंड में उनके पड़ोस में रहती हैं। रेशमा को छात्रा पहचानती थी। रेशमा ने छात्रा से पूछा कि वह यहां क्या कर रही है, तो छात्रा ने बताया कि मम्मी आने वाली हैं और उसे कपड़े दिलाने ले जा रही हैं। फिर रेशमा ने छात्रा को कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कुछ देर बाद रेशमा उसे टॉयलेट के बहाने झाड़ियों की तरफ सुनसान इलाके में ले गई।

### बुलेट मोटर साइकिलों पर कार्यवाही की गई

**ग्वालियर।** 77 पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक यातायात ग्वालियर श्रीमती हितिका वासल के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात नरेश अन्नोटिया, विक्रम कनपुरिया, थाना प्रभारी यातायात बैजनाथ प्रजापति, श्री कुलदीप राजपूत सूबेदार हिमांशु तिवारी, टीआई ट्रैफिक मनीष धाकड़ द्वारा यातायात बल के साथ सिटी सेंटर, चेतकपुरी, गोला का मंदिर चौराहा, कंपू ,बाड़ा, फालका बाजार आदि स्थानों पर चैकिंग प्वाइंट लगाकर मोडिफाइड साइलेंसर एवम् आरटीओ द्वारा अधिकृत नंबर प्लेट ना लगाने वाली बुलेट मोटर साइकिलों पर कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान *कुल 38 चालान* बनाए गए 26500रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया और वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि वह भविष्य में अपनी बुलेट मोटर साइकिल में मोडिफाइड साइलेंसर ना लगवाएं।

## दीपोत्सव के लिए कलात्मक दीपक, ईको फ्रेंडली मूर्तियां और शुद्ध देशी घी के पकवान लेकर आ रही हैं स्व-सहायता समूह की महिलाएँ


**ग्वालियर।** मिट्टी व गोबर से बने कलात्मक दीपक तो ईको फ्रेंडली गणेशजी व लक्ष्मीजी की मूर्तियाँ। शुद्ध देशी घी से बने पकवान व नमकीन तो घर पर पवित्रता को ध्यान में रखकर बनाई गई अगरबत्ती, मोमबत्ती, रूईबाती सहित अन्य पूजन सामग्री। साथ ही घर-द्वार सजाने के लिए फ्लॉवर पॉट व रंग-बिरंगी आकर्षक झालरें। दीपोत्सव में उपयोग होने वाली यह सभी सामग्री तैयार करने में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं स्व-सहायता समूहों की महिलायें जुटी हैं। फूलबाग स्थित संभागीय ग्रामीण हाट बाजार दीपावली से पहले स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा अपने हाथों से निर्मित इस सामग्री से गुलजार होगा।



शहरवासियों को दीपावली के लिए पूजन सामग्री व अन्य कलात्मक वस्तुएँ लेने के लिए भीड़-भाड़ वाले बाजारों में जाने की जरूरत नहीं रहेगी। ग्रामीण हाट बाजार में यह सब उचित दर पर उपलब्ध होगा। ग्राम सौंसा के मुस्कान स्व-सहायता समूह से जुड़ीं श्रीमती बीना यादव व चकमहाराजपुर के रतनगढ़ वाली माता समूह से जुड़ीं श्रीमती भावना सैनी शुद्ध देशी घी के पकवान और नमकीन लेकर ग्रामीण हाट बाजार में आयेंगीं। इसी तरह ग्राम केरूआ के माँ शेरावाली समूह की सदस्य श्रीमती मीरा जाटव मिट्टी के गणेश जी व लक्ष्मी जी की आकर्षक मूर्तियां बनाने में जुटी हैं। देवरीकला के ठाकुरबाबा स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती सुमित्रा प्रजापति का कहना है कि ग्राम सहारन व देवरीकला में स्व-सहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं द्वारा गोबर व मिट्टी के आकर्षक एवं कलात्मक दीपक तैयार किए जा रहे हैं। ग्राम धवा की श्रीमती उमा कुशवाह आकर्षक खिलौने बनाने में जुटी हैं तो विकासखण्ड घाटीगांव के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर झाड़ू एवं फूलबाती बनाने का काम किया जा रहा है। ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचल में निवासरत ये महिलाएँ स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर तो बनी ही हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचल में गठित 3 हजार 287 स्व-सहायता समूहों से लगभग 36 हजार महिलायें जुड़ी हैं और सफलतापूर्वक आजीविका गतिविधियाँ संचालित कर रही हैं। इनमें से ढ़ाई हजार से अधिक ऐसी महिलायें हैं, जो घर बैठे 10 हजार रूपए प्रति माह से अधिक कमाई कर लखपति क्लब की सदस्य बन चुकी हैं। कोरोना संकट के समय आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की इन महिलाओं को समूहों के माध्यम से घर बैठे ही रोजगार मिला। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप स्व-सहायता समूह से जुड़ीं महिलायें स्कूली बच्चों के गणवेश, सेनेटरी नेपकीन, साबुन, मसाले, पापड़, बड़ी व फिनाइल भी बना रही हैं। साथ ही जब कोरोना संकट आया तो बड़े पैमाने पर इन महिलाओं ने मास्क और सेनेटाइजर का निर्माण भी किया।

## बाइक सवार बंटी बबली ने स्कूटी सवार महिला की सोने की चेन झपटी

**ग्वालियर।** चंबल में अब दोपहिया वाहन सवार महिला स्नेचर ने भी दस्तक दे दी है। गुरुवार रात 11 बजे शहर की इवेंट मैनेजर महिला से बाइक सवार लुटेरी महिला ने सोने की चेन झपट ली। इस दौरान इवेंट मैनेजर तुरंत संभली और चेन पकड़ ली। फिर लुटेरी महिला और युवक ने कट्टे के बट से इवेंट मैनेजर को पीट-पीटकर घायल कर दिया। चेन लूट कर दोनों भाग गए।



यह पहला मौका है जब चंबल में महिला चेन स्नेचर की मौजूदगी सामने आई है। घटना गोला का मंदिर में मेला गेट संस्कृति गार्डन के पास की है। इवेंट मैनेजर ने रात में ही पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने लूट की स्नद्बक्रदर्ज कर ली है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। गोला का मंदिर थाना पिंटो पार्क गणेश कॉलोनी निवासी प्राची (28) बतौर प्राइवेट कंपनी में जॉब करती हैं। गुरुवार रात करीब 11.30 बजे प्राची एक इवेंट कराने के बाद सनबैली क्लब हाउस से स्कूटी से घर लौट रही थी। वह मेला गेट संस्कृति गार्डन के पास पहुंची तभी पीछे से आए बाइक सवार युवक-युवती ने उसे ओवरटेक किया। बाइक युवक चला रहा था, जबकि युवती हरे रंग का दुपट्टा बांधकर पीछे बैठी थी।

तभी युवती ने प्राची के गले से चेन खींच ली, लेकिन प्राची ने उसका हाथ पकड़ लिया। इस पर लुटेरी ने उसे झटका देकर गिरा दिया। फिर युवक ने बाइक रोकी और उतरकर प्राची की कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया। वह कुछ समझ पाती उससे पहले ही युवती ने चांटे मारे। बदमाश ने कट्टे के बट से सिर पर कई वार किए। जब प्राची बुरी तरह घायल हो गई तब बाइक सवार युवक-युवती भाग निकले। उधर, थोड़ी देर बाद प्राची ने पुलिस को कॉल कर मामले की जानकारी दी।

#### यह था लूट करने वालों का हुलिया

इवेंट मैनेजर प्राची ने पुलिस को बताया कि बाइक चला रहे युवक की उम्र करीब 25 से 30 साल के बीच होगी। उसने हेलमेट पहना था। उसके साथ जो युवती थी, उसकी उम्र भी 25 साल के करीब होगी। हरे रंग के दुपट्?टे से उसने अपना मुंह ढका हुआ था। प्राची ने कहा कि दोनों सामने आएंगे तो मैं पहचान लूंगी।

### 51 वा श्री श्याम बाबा वार्षिक महोत्सव 12 नवंबर से 16 नवंबर तक



**ग्वालियर।** श्री श्याम मंडल ग्वालियर श्री श्याम हवेली न्यू पताली हनुमान हजीरा ग्वालियर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 51 वा 5 दिवसीय धार्मिक आयोजन 12 नवंबर से 16 नवंबर तक आयोजित किए जायेंगे इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी श्री श्याम मंडल के श्याम अग्रवाल अध्यक्ष एमके अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष वैश्य, सचिव राजकुमार , सहसचिव संजीव सिंघल ने दी उन्होंने बताया कि इस आयोजन में विशेष मोहन दास जी महराज को बाबा की शाही सवारी के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया है जो उन्होंने स्वीकार कर लिया है इस आयोजन की सम्पूर्ण रूप रेखा इस प्रकार है 12 नवंबर को श्याम बाबा की शाही सवारी एवम् अखंड ज्योति स्थापना का आयोजन किया जाएगा यहां आयोजन प्रातः 10 बजे स्थानीय जीवायएमसी क्लब अचलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर इन्द्र गंज दालबाजार से नया बाजार लोहिया बाजार से ऊंट पुल होते हुए पाटनकर बाजार दौलतगंज से महाराज बाड़ा होते हुए सराफा बाजार डीडवाना ओली से राम मंदिर फालका बाजार से छप्पर वाला पुल से शिन्दे की छावनी पहूचेगी वहां पर गणेश मंदिर पर समापन किया जाएगा 13 नवंबर को सुंदर काण्ड का पाठ एवम् 13 नवंबर को ही धमाल किंग मनीष गर्ग घी वाले जयपुर का प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा यहां आयोजन श्याम मंदिर श्याम हवेली न्यू पताली हनुमान हजीरा14 नवंबर को श्याम बाबा के पुराने भजनों का अखाड़ा होगा 15 नवंबर को श्याम बाबा सवारी नगर भ्रमण होगा 15 नवंबर को ही विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा यहां आयोजन भी श्याम हवेली न्यू पताली हनुमान हजीरा ग्वालियर पर आयोजित किया जाएगा 16 नवंबर को हवन पूर्णा आहूति एवम् भोग प्रसादी वितरण किया जाएगा सभी आयोजन श्री श्याम मंडल श्री श्याम हवेली न्यू पताली हनुमान हजीरा द्वारा आयोजित किए जायेंगे।

# पुलिस को चकमा देकर अस्पताल से दुष्कर्म का आरोपी फरार

**ग्वालियर।** ग्वालियर के जयारोग्य हॉस्पिटल स्थित कार्डियोलॉजी में भर्ती दुष्कर्म का आरोपी पुलिस जवान और अफसरों को चकमा देकर फरार हो गया है। आरोपी को छतरपुर के ईसागढ़ थाना पुलिस गुरुवार रात 8 बजे सीने में दर्द की शिकायत पर लेकर ग्वालियर आई थी। वार्ड में पुलिस को अंदर जाने की इजाजत नहीं थी। पुलिस जवान व सब इंस्पेक्टर बाहर बैठे रहे और दुष्कर्मी हथकड़ी खिसका कर फरार हो गया।

घटना शुक्रवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच की है। पुलिस जवान घंटों उसे यहां वहां तलाशते रहे। आखिर में जब वह नहीं मिला तो शुक्रवार दोपहर ग्वालियर के कंपू थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बंदी की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही CCTV कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

छतरपुर में वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति की एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में ईसागढ़ थाना में आरोपी राधाचरण यादव (45) पुत्र हल्कासिंह यादव के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। जिसकी छतरपुर पुलिस को तलाश थी। अभी दो दिन पहले उसे ईसागढ़ पुलिस ने पकड़ा था। वह हवालात बंदी था। पर उसे हार्ट और पाइल्स की बीमारी थी। गुरुवार को उसे



सीने में दर्द होने पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस उसे लेकर ग्वालियर JAH लेकर पहुंची थी। यहां उसे कॉडियोलॉजी के वार्ड में भर्ती कराया था। उसकी निगरानी के लिए सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण सिंह व तीन अन्य पुलिसकर्मी ग्वालियर में अस्पताल में तैनात किए गए थे। गुरुवार रात 8 बजे उसे कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया था। वार्ड के अंदर पुलिस को जाने की इजाजत नहीं थी। पुलिस बाहर ही पहरा दे रही थी। रात 3 बजे एक संतरी राधाचरण को टॉयलेट लेकर गया और 10 मिनट बाद वापस उसके बिस्तर पर हथकड़ी लगाकर छोड़ आया। इसके बाद वह बाहर आकर बैठ गए। करीब एक घंटे बाद एक संतरी चेक करने कार्डियोलॉजी के अंदर गया तो देखा कि बंदी अपने से गायब है। नीचे उसकी हथकड़ी लटक रही थी। किसी को उसके भागने का पता न चले इसलिए उसने तकिया बिछाकर ऊपर से कंबल डालकर डमी बना दी। जिससे लगे कि वह सो रहा है। पर उसके गायब होते ही बाहर सो रहे पुलिस कर्मियों की नींद उड़ गई।

**घंटों तलाशा फिर पुलिस के पास पहुंचे:** छतरपुर पुलिस ने पहले अस्पताल परिसर, आसपास के बस स्टैंड सहित कई जगह उसे तलाश किया, लेकिन जब वह नहीं मिला तो शुक्रवार दोपहर कंपू थाना पुलिस के पास पहुंचकर मामले की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल सभी थानों में पॉइंट अलर्ट किया और उसका फोटो वायरल कर दिया। इतना ही नहीं बंदी के भागने की शिकायत भी पुलिसकर्मी लक्ष्मण सिंह की शिकायत पर दर्ज कर ली है।

**कहां से भागा पता नहीं चला:** कार्डियोलॉजी विभाग में एक ही दरवाजा है। आरोपी कब भाग गया यह पता नहीं चला है। 3 से 4 बजे के बीच में पुलिस कर्मियों की झपकी लग गई। जिसके बाद वह मुख्य दरवाजे से ही निकला है। अब पुलिस जेएएच में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे तलाश रही है। जिससे बंदी के भागने की कुछ स्थिति साफ हो सके कि वह भागा कैसे था।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478